भीलवाड़ा, बुधवार, 18, दिसम्बर, 2024

RNI NO. RAJHIN/2016/74127

# नमस्ते राजस्थान







वर्ष : 09, अंक: 47 | E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com | भीलवाड़ा संस्करण | पृष्ठ 08 मूल्य 4 रुपए हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र | मो. 9214417111, 8005910698 | नमस्ते राजस्थान



# हमारे राजस्थान के लिए 'पानी ही पारस'.. हर घर-हर किसान की बदलेगी तकदीर!

## प्रधानमंत्री मोदी जयपुर आए और कर दिया कमाल, पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना पर हस्ताक्षरित हुए एमओए ने रच दिया इतिहास, मिली

## 1 लाख करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार का एक साल पूरा होने पर मंगलवार को जयपुर के दादिया में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदेश के समस्त जिलों से लाखों की संख्या में आए महिला, पुरुष, बुजुर्ग और युवा संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना पर हस्ताक्षरित हुए एमओए के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में आने पर मोदी-मोदी के नारों से पूरा सभा स्थल गूंज उठा। प्रधानमंत्री ने भी उत्साह से खुली जीप में सवार होकर आमजन का अभिवादन स्वीकार किया। इस दौरान खुशी और उमंग से भरे लोगों ने पुष्प वर्षा कर और मोदी-मोदी के नारे लगाकर प्रधानमंत्री का उत्साह एवं उमंग से स्वागत किया। भजनलाल सरकार की पहली वर्षगांठ के अवसर पर पीकेसी और ईआरसीपी के उद्घाटन के लिए जयपुर पहुंचे। इस मौके पर पीएम मोदी ने जनसभा को भी संबोधित किया। सभा में पीएम मोदी ने प्रदेशवासियों को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कई बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी। जिनमें पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट सहित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन ने कहा कि ईआरसीपी परियोजना को कांग्रेस ने लटकाया। कांग्रेस सिर्फ किसानों की बात करती है लेकिन किसानों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति विवाद की नहीं संवाद की है। उन्होंने कहा कि हम विरोध में नहीं सहयोग में विश्वास रखते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इस परिजयना में सहायक नदियां के पानी को जोड़ा जाएगा। इससे 21 जिलों में सिंचाई और पीने का पानी भी मिलेगा। इस परियोजना से राजस्थान और मध्यप्रदेश का तेजी से विकास होगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पानी की कमी नहीं होगी।

### मंच पर रखे गए रामसेतु कलश में चंबल, पार्वती और कालीसिंध नदियों से लाए गए जल को प्रवाहित किया, तो आमजन की खुशियां उनके चेहरे पर छलक उठी



### प्रधानमंत्री ने की भजनलाल सरीकार की जमकर तारीफ, कहा- एक साल में मजबूत हुई नींव

पीएम ने भजनलाल सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि ये एक साल आने वाले सालों की मजबूत नींव बनी है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी के भारत के लिए महिलाओं को सशक्त होना जरूरी है। पीएम मोदी ने कहा कि नारी शक्ति को मजबूत करने के लिए हमारी सरकार अनेक योजनाएं बना रही है। उन्होंने कहा कि गांवों की आर्थिक स्थिति ठीक हो इसके लिए हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने सौर ऊर्जा के उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 1 करोड़ 40 लाख से ज्यादा परिवार इस योजना के लिए रजिस्टर्ड करवा चुके हैं। 7 लाख से ज्यादा घरों में सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन किया जा रहा है। हर परिवार ऊर्जादाता होगा तो बिजली से कमाई होगी और परिवार की आर्थिक स्थिति भी अच्छी होगी।

### पीएम ने कहा कि भाजपा एक विराट समाजिक आंदोलन, बीजेपी के लिए दल से बड़ा देश

प्रधानमंत्री ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से जल संरक्षण के लिए कुछ समय निकालने की भी अपील की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में डबल इंजन की सरकार राजस्थान के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभा स्थल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के साथ पहंचे। इस दौरान महिला मोर्चा प्रधानमंत्री की कार के आगे कलश लेकर अगवानी कर रहीं थी। प्रदेश की भजनलाल सरकार के एक साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम की श्रृंखला के समापन पर यह भव्य जनसभा आयोजित की गई।

### 1 लाख करोड़ से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान की जनता को 1 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। इसमें सबसे प्रमुख है पार्वती-कालीसिंध-चंबल ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट,इस परियोजना का उद्देश्य राजस्थान के झालावाड़, कोटा, बूंदी, टोंक, सवाई माधोपुर, गंगापुर, दौसा, करौली, भरतपुर और अलवर जैसे जिलों को पानी उपलब्ध कराना है। यह परियोजना पेयजल आपूर्ति, सिंचाई और औद्योगिक जल की मांग को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। प्रधानमंत्री इस परियोजना के पहले चरण का शिलान्यास किया। इसके अलावा, पीएम मोदी राज्य को चार नई रेल परियोजनाओं की भी सौगात दी।




### पीएम मोदी के भाषण में वसुंधरा राजे का जिक्र, बोले- शेखावत के जमाने में शुरू हुई यात्रा, अब शर्मा के पास जिम्मेदारी

पीएम मोदी के सामने सीएम भजनलाल शर्मा और एमपी के सीएम मोहन यादव ने मेमोरेंडम का प्रारूप मंच पर दिखाया। इस दौरान तीन नदियों के पानी से भरे घड़ों को पीकेसी-ईआरसीपी परियोजना से लिखे घड़े में मिलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा राजस्थान में बीजेपी शासन काल की विकास यात्रा भैरों सिंह शेखावत के जमाने से शुरू हुई थी। विकास की इसी परंपरा को वसुंधरा राजे ने आगे बढ़ाया और बीते एक साल में भजनलाल सरकार इस दिशा में आगे बढ़ रही है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि राजस्थान के सर्वांगीण विकास के लिए डबल इंजन सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है। जयपुर में राज्य सरकार के 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' और विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम का हिस्सा बनकर हर्षित हूं। कुछ दिन पहले मैं राइजिंग राजस्थान समिट में भाग लेने के लिए यहां आया था। उस समिट में देश-दुनिया के बड़े निवेशक जुटे थे।0 पीएम ने कहा कि राजस्थान में एक साल में उत्कृष्ठ परिणाम देने में भजनलाल शर्मा और उनकी टीम ने बहुत कठिन परिश्रम किया है। यह पहला वर्ष आने वाले अनेक वर्षों की मजबूत नींव बना है।

## फिलिस्तीन के बाद अब बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन वाला बैग लेकर संसद पहुंची प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** फिलिस्तीन पर घिरने के बाद अब कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी बांग्लादेशी हिंदुओं के समर्थन वाला बैग लेकर संसद पहुंची हैं। प्रियंका गांधी समेत कई अन्य विपक्षी सांसदों ने बांग्लादेश में हिंदू सहित दूसरे अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ मंगलवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से उनके लिए न्याय की मांग की। उन्होंने अपने हाथ में थैला भी ले रखा था, जिस पर 'बांग्लादेश के हिंदुओं और ईसाइयों के साथ खड़े हों' लिखा हुआ था। प्रियंका गांधी समेत कई अन्य सांसद संसद भवन के मकर द्वार पर एकत्र हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस सांसदों ने केंद्र सरकार जवाब दो और वी वांट जस्टिस के नारे लगाए। बता दें कि, इससे पहले कांग्रेस ने सोमवार को भी इस विषय को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया था। केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान भी यह विषय उठाया था। गौरतलब हैं कि, बीते दिन सोमवार को प्रियंका गांधी में फिलिस्तीन लिखा हुआ हैंडबैग लेकर संसद पहुंची थीं। जिसके बाद सियासी बवाल मच गया। उनकी बैग के साथ तस्वीर ने सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुई। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब प्रियंका ने फिलिस्तीन को सपोर्ट किया है। इससे पहले भी प्रियंका फिलिस्तीन के समर्थन में बोलती रही हैं। लेकिन संसद में अचानक फिलिस्तीन लिखे बैग लेकर पहुंचना प्रियंका की मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति की ओर इशारा करता है।



## RUHS को जल्द मिलेगा स्थाई कुलपति, 7 माह के लम्बे इंतजार के बाद नए कुलपति की तलाश शुरू

**जयपुर।** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय को जल्द ही स्थाई मिलने की उम्मीद है. विवि प्रशासन की तरफ से नामित सदस्य की सूचना भेजने में लेटलतीफी के चलते करीब सात माह के लम्बे इंतजार के बाद राजभवन ने कुलपति स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया है. एसएमएस से सेवानिवृत्त प्रोफेसर अरूण चोगले की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी गठित की गई है, जिसमें आरयूएचएस के नॉमिनी के रूप में एम्स पटना के डॉ विजयेन्द्र कुमार को शामिल किया गया है. इसके अलावा स्टेट गर्वमेंट की नॉमिनी प्रमुख चिकित्सा सचिव गायत्री राठौड और आईसीएमआर की प्रतिनिधि के रूप में डॉ संघमित्रा पति को पैनल बनाकर राजभवन भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई है.इस हाईलेवल कमेटी के गठन के साथ ही आरयूएचएस रजिस्ट्रार ने कुलपति पद के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है.प्रक्रिया के तहत इच्छुक आवेदक 10 जनवरी तक कमेटी चेयरमैन को अपना बायोडेटा भेज सकते है. कुलपति का नियुक्ति से पांच साल या फिर 70 वर्ष तक की आयु सीमा तक का कार्यकाल रहेगा. आपको बता दें कि मई माह से बतौर कार्यवाहक कुलपति के रूप में वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ धनंजय अग्रवाल कार्य कर रहे है.इस दौरान राजभवन ने चार बार विवि प्रशासन से नामित सदस्य की सूचना मांगी, जिसे भेजने में देरी के चलते अभी तक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन नहीं किया जा सका.

## 'सैंया भये कोतवाल तो डर काहेका', राजस्थान पुलिस के कांस्टेबल ने थाने में ही खेला 80 लाख का खेल

**केकड़ी।** राजस्थान के केकड़ी जिले के भिनाय पुलिस थाने में एक कांस्टेबल दशरथ ने हैरान कर देने वाला कारनामा किया। इस दौरान कानून की रखवाली करने वाले कांस्टेबल ने ही पुलिस थाना के माल खाने से डोडा पोस्त के 36 कट्टे चुरा कर बेच दिए। इनकी बाजार कीमत करीब 80 लाख रुपए थी। आरोपी कॉस्टेबल मालखाने से दो और कट्टे निकालकर उन्हें बेचने की फिराक में था। इस बीच अन्य पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया, तब उसका यह राज खुला। आरोपी दशरथ माल खाने में एल.सी. होने का फायदा उठाकर यह सारा खेल किया। इधर, मामले में केकड़ी की कार्यवाहक एसपी वंदिता राणा ने आरोपी कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है।

### एक-एक कर बेच दिए 36 कट्टे, कीमत 80 लाख

जानकारी के अनुसार गत 18 अगस्त 2023 को तत्कालीन थाना अधिकारी नाहर सिंह की मौजूदगी में एक कंटेनर पकड़ा गया। इसमें अवैध शराब के साथ 74 प्लास्टिक के कट्टे भी जब्त किए। इनमें 1469.950 किलोग्राम डोडा पोस्त भरा हुआ था। इन्हें पुलिस थाने के मलखाना में रखवाया गया, जहां माल खाना एलसी दशरथ ने एक-एक करके पिछले दो से तीन माह में 36 कट्टे बेच दिए। जिनकी बाजार कीमत 80 लाख रुपए बताई जा रही है। माल खाने से एक-एक करके डोडा पोस्त के कट्टे गायब होते रहे, लेकिन किसी को इसकी भनक नहीं लगी। उसने अपने माल खाने का एलसी होने का फायदा उठाया। दरअसल, कांस्टेबल दशरथ को पुलिस ने 10 नवंबर 2024 को रात्रि करीब साढ़े 10 बजे के करीब पकड़ लिया, जब वह चोरी छुपे माल खाना से डोडा पोस्त के कट्टे निकाल रहा था।



## 'चश्मा अगर विदेशी हो, तो संविधान में नहीं दिखेगा भारत', शाह ने विपक्ष पर साधा निशाना

नमस्ते राजस्थान

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को भारत के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा जारी है। इस पर जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, यह चर्चा हमारे संविधान के कारण हमारा देश कितना आगे बढ़ा, इसका अहसास हमारी जनता को कराएगा। उन्होंने कहा, संविधान पर दोनों सदनों में जो चर्चा हुई है, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरक होगी। गृह मंत्री ने कहा, सरदार पटेल की वजह से देश मजबूत हुआ है।



संविधान पर चर्चा के जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, आज हम जिस मुकाम पर खड़े हैं, उस मुकाम पर महर्षि अरविंद और स्वामी विवेकानंद की वो भविष्यवाणी सच होती दिखाई पड़ती है कि भारत माता अपनी देदीप्यमान ओजस्वी स्वरूप में जब खड़ी होंगी, तब दुनिया की आंखें चकाचौंध हो जाएगी और पूरी दुनिया रोशनी के साथ भारत की ओर देखेगी।

### सरदार पटेल के परिश्रम से मजबूती से खडा है देश

गृह मंत्री ने कहा, बहुत लंबी आजादी की लड़ाई के बाद हम आजाद हुए। जब हम आजाद हुए तब दुनियाभर के राजनीतिक पंडितों ने कहा था कि यह देश बिखर जाएगा। शायद बन ही नहीं पाएगा। कुछ लोगों ने कहा था कि यहां लोकतांत्रिक मूल्य प्रतिस्थापित हो ही नहीं पाएंगे। एकता हो ही नहीं पाएगी और यह देश आर्थिक रूप से कभी आत्मनिर्भर नहीं होगा। आज 75 साल के समय के बाद संविधान को स्वीकार करने के बाद पीछे मुड़कर देखते हैं, तो सरदार पटेल का मैं धन्यवाद करना चाहता हूं। सरदार पटेल के अथक परिश्रम के कारण देश आज एकजुट होकर दुनिया के सामने मजबूती से खड़ा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, कोई ये न समझे कि हमारा संविधान दुनिया के संविधानों की नकल है। हां, हमने हर संविधान का अभ्यास जरूर किया है, क्योंकि हमारे यहां ऋग्वेद में कहा गया है, हर कोने से हमें अच्छाई प्राप्त हो, सुविचार प्राप्त हो, और सुविचार को स्वीकारने के लिए मेरा मन खुला हो। हमने सबसे अच्छा लिया है, लेकिन हमने हमारी परंपराओं को नहीं छोड़ा है। पढ़ने का चश्मा अगर विदेशी है, तो संविधान में भारतीयता कभी दिखाई नहीं देगी।

### हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा

शाह ने आगे कहा, जो कहते थे कि इस देश में लोकतंत्र सफल नहीं होगा। मैं उन सभी लोगों को सदन के माध्यम से कहना चाहता हूं कि 75 साल हो गए, हमारे पास-पड़ोस और दुनियाभर में लोकतंत्र सफल नहीं हुए। लेकिन हमारा लोकतंत्र आज पाताल तक गहरा है। रक्त की एक बूंद बहाए बगैर हमने अनेक परिवर्तन किए और विचारधाराओं के आधार पर भी हमने परिवर्तन किए।

#### जनता ने अनेक तानाशाहों के गुमान को चकनाचूर किया

शाह ने कहा, अनेक तानाशाहों के गुमान को चकनाचूर करने का काम इस देश की जनता ने किया है। लोकतांत्रिक तरीके से किया है। जो कहते थे कि भारत आर्थिक तौर पर कभी आत्मनिर्भर नहीं हो पाएगा, उन्हें भी हमारी जनता और संविधान की खूबसूरती ने जवाब दिया है। हम आज दुनिया का पांचवां अर्थ तंत्र बनकर दुनिया के सामने खड़े हैं। राज्य सभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, संविधान की रचना के बाद डॉ अंबेडकर ने बहुत सोच समझकर एक बात कही थी कि कोई संविधान कितना भी अच्छा हो, वह बुरा बन सकता है, अगर जिन पर उसे चलाने की जिम्मेदारी है, वो अच्छे नहीं हों।

E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com

# 20 करोड़ की 95 बीघा कृषि भूमि को फर्जी दस्तावेजो से हड़पने का प्रयास करने वाले भाई बहनों के खिलाफ कोर्ट ने लिया प्रसंज्ञान

## पिता का नाम बदलकर फर्जी दस्तावेज से संपत्ति हड़पने के मामले में एक सरकारी अध्यापिका सहित तीन जनों के खिलाफ न्यायालय ने प्रसंज्ञान लेकर जमानती वारंट किया जारी

### कोर्ट ने माना कि - जांच अधिकारी का अन्वेषण संतोषजनक प्रतीत नहीं होता।


### वरिष्ठ अधिवक्ता पूनमचंद भंडारी ओर अरिहंत चौपड़ा की परिवादी की तरफ से न्यायालय में पैरवी





नमस्ते राजस्थान

**पाली ।** शहर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पाली के पीठासीन जज ऋचा चौधरी ने रोहट पुलिस थाने के 4 साल पुराने मामले मे गत शुक्रवार को आदेश जारी करते हुए उदयपुर की सरकारी स्कूल में अध्यापिका परमजीत कौर, मनप्रीत कौर एवं उत्तमजीत सिंह के खिलाफ 20 करोड़ की 95 बीघा कृषि भूमि हड़पने के लिए अपने पिता का नाम बदलकर फर्जी दस्तावेज बनाने व अपनी माता के फर्जी दस्तावेज व जानकारी उपखण्ड मजिस्ट्रेट रोहट के न्यायालय मे पेश कर राजस्व दावा अपने पक्ष मे करवा लेने के अपराध में रोहट पुलिस द्वारा की गई जाँच कार्यवाही को गलत मानकर न्यायालय ने आरोपीगण भाई -बहन को जमानती वारंट से तलब का आदेश जारी किया है । प्रकरण के अधिवक्ता अरिहंत चौपड़ा ने बताए तथ्यों के अनुसार पाली जिले के रोहट तहसील में 200 फुट चौड़ी सड़क पर 95 बीघा कृषि भूमि दरबारा सिंह पुत्र ईश्वर सिंह की मालिकाना हक की थी उसकी मृत्यु के पश्चात उसकी पत्नी बसंत कौर ने यह कृषि भूमि सन 1976 में ओमप्रकाश वगैरह को बेच दी और उसके पश्चात सन 1979 में इस जमीन में से 45 बीघा जमीन पंजीकृत पत्र से जोधपुर निवासी कैलाशमल सिंघवी और मुन्नीमल सिंघवी को विक्रय कर दी उसके पश्चात 1995 में 50 बीघा जमीन कैलाशमल सिंघवी के परिवारजन को पंजीकृत विक्रय पत्र से बेच दी और उसके पश्चात खरीदारों ने कृषि कार्य लिया और तब से लगातार जमीन पर खेती की जा रही है और कब्जा भी कैलाशमल सिंघवी व उसके परिवार के पास था। सन 2018 में कैलाशमल सिंघवी ने प्रधानमंत्री योजना के तहत राशि प्राप्त करने के लिए पटवारी से जमाबंदी की नकल लेने गए तो जानकारी हुई कि उत्तमजीत सिंह व उसकी दो बहनों ने सहायक कलेक्टर रोहट के न्यायालय में एक मुकदमा किया कि विवादित कृषि भूमि उनके पिता दरबारा सिंह पुत्र ईश्वर सिंह की है उनके पिता ने दो शादियां की थी पहली बसंत कौर से की और दूसरी उनकी माता प्रेम कौर से शादी कर ली तथा 1975 में दरबार सिंह की मृत्यु हो गई और उसके पश्चात 2017 में उनकी माता प्रेमकोर जो सरकारी स्कूल में अध्यापिका थी की मृत्यु हो गई उसके पश्चात वे संपत्ति को संभालने के लिए गए तो मालूम पड़ा कि संपत्ति कैलाशमल सिंघवी एवं उसके परिवार ने फर्जी तरीके से पंजीकृत विक्रय पत्र के जरिए प्रॉपर्टी खरीद ली है जबकि संपत्ति के मालिक वह है और उन्होंने 2018 में बसंत कौर का और दरबार सिंह पुत्र ईश्वर सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाया और उपखण्ड मजिस्ट्रेट रोहट के न्यायालय में दावा पेश किया और दावे में एक तरफा कार्यवाही करवा कर मुकदमा अपने पक्ष में करवा लिया, तब कैलाशमल सिंघवी ने राजस्व अपील अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत की जिसे राजस्व अपील अधिकारी पाली ने खारिज कर दिया और यह अंकित किया कि संपत्ति के मालिकाना हक के संबंध में कार्यवाही के लिए स्वतंत्र हैं और मालिकाना हक में त्रुटि पाई जाने पर यह निर्णय लागू नहीं होगा। कैलाशमल सिंघवी ने इस निर्णय के खिलाफ रेवेन्यू बोर्ड अजमेर में अपील पेश की और उसके पक्ष में न्यायालय ने स्थगन आदेश पारित किया। कैलाशमल सिंघवी के भतीजे राहुल सिंघवी ने अभियुक्तगण की माता प्रेम कौर के स्कूल का रिकॉर्ड सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त किया जिसमें प्रेमलता कौर ने विधवा कोटे में नियुक्ति हेतु प्रार्थना पत्र में अपने पति का नाम दरबारा सिंह पुत्र सरदारा सिंह लिखा तथा दरबारा सिंह पुत्र सरदारा सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र 1995 में लिया था वह प्रस्तुत किया तथा प्रार्थना पत्र में यह अंकित किया कि उसके पति ने दूसरा विवाह नहीं किया है और इस प्रार्थना पत्र के साथ दो शपथ पत्र भी पेश किये उसमें भी अपने पति स्वर्गीय दरबारा सिंह पुत्र सरदारा सिंह अंकित किया लेकिन अभियुक्तगण ने मिलते जुलते नाम का फायदा उठाकर संपत्ति हड़पने के लिए अपने आप को दरबार सिंह पुत्र ईश्वर सिंह की संतान बताकर संपत्ति हड़पने के लिए दावा कर दिया, उन्होंने 1971 की एक वोटर लिस्ट पेश की थी जिसमें प्रेम कौर का नाम लिखा हुआ था जिसकी उम्र 35 वर्ष लिखी हुई थी जिसे जबकि इनकी माता की जन्म तिथि 1951 थी और उस हिसाब से वह 1971 में 20 वर्ष की थी लेकिन वोटर लिस्ट में 21 साल से काम की युवती का वोटर लिस्ट में नाम हो नहीं सकता था। इन तथ्यों की जानकारी होने पर राहुल सिंघवी ने पुलिस थाना रोहट में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने के लिए शिकायत की लेकिन






पुलिस से मिली भगत होने के कारण उन्होंने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तब राहुल सिंघवी ने न्यायालय के आदेश के जरिए पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई और उसमें कथन किया कि अभियुक्त गण दरबारा सिंह पुत्र सरदारा सिंह की संताने हैं जो उनकी माता के स्कूल के रिकॉर्ड में दर्ज है लेकिन संपत्ति को हड़पने के लिए मिलते जुलते नाम का फायदा उठाने के लिए अपने आप को दरबारा सिंह पुत्र ईश्वर सिंह की संतान बताकर संपत्ति हड़पने के लिए दावा किया, झूठे मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए और न्यायालय में सशपथ झूठ बोलकर संपत्ति हड़पने का प्रयास किया है और जांच अधिकारी ने मौके पर जाकर जांच की जहां पर खेती करने वालों ने भी यही बयान दिया कि वह 40 साल से इस जमीन पर खेती कर रहा हैं पहले उसका दादा खेती कर रहे थे उसके पश्चात उसके पिताजी और अब वह खेती कर रहा हैं और जमीन वाली लगान जमा करवा रहा हैं लेकिन पुलिस ने मिली भगत कर प्रकरण को सिविल नेचर का मानते हुए फाइनल रिपोर्ट दे दी जिस पर राहुल सिंघवी ने वरिष्ठ अधिवक्ता पूनमचंद भंडारी,अरिहंत चौपड़ा, प्रवीण साहू व वीरेंद्र सिंह राजपुरोहित के जरिए प्रोटेस्ट पिटीशन न्यायालय में प्रस्तुत की और न्यायालय ने वह सुनकर समस्त दस्तावेजों पर विचार करने के उपरांत यह माना कि अभियुक्तगण दरबारा सिंह पुत्र सरदारा सिंह की संताने हैं और दरबारा सिंह ने दो शादियां नहीं की थी न्यायालय ने प्रेमलता कौर के स्कूल में प्रस्तुत दस्तावेजों को सही माना जिसमें आरोपीगण की माताजी ने अपने पति का नाम दरबारा सिंह और ससुर का नाम सरदारा सिंह अंकित किया था तथा उसने दरबारा सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था उसमें भी उसने अपने पति के पिता का नाम सरदारा सिंह लिखा था तथा नौकरी के प्रार्थना पत्र के साथ शपथ पत्र प्रस्तुत किया था उसमें भी उसने अपने पति का नाम दरबारा सिंह पुत्र सरदारा सिंह अंकित किया था और इस प्रार्थना पत्र के साथ अभियुक्त उत्तमजीत सिंह नेभी अपना शपथ पत्र प्रस्तुत किया था समस्त दस्तावेजों और बयानों के आधार पर न्यायालय ने माना कि पुलिस ने प्रकरण में गलत तरिके से एफ आर लगा दी है और अभियुक्तगण ने अपराध कार्या है मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पाली के कोर्ट ने आरोपी उत्तमजीत सिंह,परमजीत कौर तथा मनप्रीत कौर के खिलाफ प्रसंज्ञान लेकर उन्हें जमानती वारंट से तलब करने के आदेश जारी किए है, ओर कोर्ट ने यह भी माना कि जांच अधिकारी का अन्वेषण संतोषजनक प्रतीत नहीं होता। उल्लेखनीय है कि आरोपी परमजीत कौर उदयपुर के सरकारी स्कूल में अध्यापिका है।

## फर्जी ट्रांजिट पास के जरिए अवैध खनन परिवहन का बड़ा खेल


# 17 मिनट में नसीराबाद से 90 किलोमीटर दूर आसींद पहुंचा फेल्सपार पाउडर का ट्रेलर आसींद में जप्त






नमस्ते राजस्थान

**भीलवाड़ा** माइनिंग विभाग एसएमई ओपी काबरा ने दिया कार्रवाई को अंजाम आसींद (दिनेश साहू)' प्रदेश में अवैध खनन तथा अवैध खनन परिवहन को लेकर लगातार प्रशासन सक्रिय है , माइनिंग विभाग द्वारा इन खनन माफियाओं पर लगातार जुमार्ना लगाकर कानूनी कार्यवाही की जा रही है, मंगलवार को आसींद थाने में एक अवैध ट्रांजिस्टर पास यानी टीपी के द्वारा फेल्सपार पाउडर के अवैध परिवहन को लेकर भीलवाड़ा माइनिंग विभाग के एसएमई ओपी काबरा द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया, जानकारी के अनुसार 12:21 समय पर **RJ52GA7981** नंबर के ट्रेलर का बेवनजा नसीराबाद के मिनरल्स इंडस्ट्री फर्म से मोरबी लालपुर का रवाना बनता है जो 12:38 समय पर आसींद के मंगलम धर्म कांटे पर कंफर्म होता है। नसीराबाद से आसींद की दूरी लगभग 90 किलोमीटर है तथा इस ट्रांजिस्टर पास के 17 मिनट में ही नसीराबाद से आसींद कंफर्म हो जाने पर माइनिंग विभाग की टीम ने शक के आधार पर ट्रेलर को रुकवाया, तो पता लगा कि ट्रेलर


Government of Rajasthan
DEPARTMENT OF MINING & GEOLOGY, RAJASTHAN
RJ52GA7981

| | | | |
|---|---|---|---|
| Generated on | 17-Dec-2024 12:21:30 PM | Consignee Name | SXXRXXCXXLTD |
| Confirmed on | 17-Dec-2024 12:38:53 PM | Consignee Address | XXXXXX, LALPAR, Morbi, Gujarat, |
| Name of the Trader/Dealer/Stockist/Pulverizer Unit Holder | MINERALAX INDUSTRIES | Approximate Distance | 750 |
| Location | BEVANJA(Bevanja/Nasirabad/Ajmer) | Bridge Name | Manglam Dharam Kanta(201709260328)/Bajunda Road Asind |
| Mineral | Felspar (Powder) | | |
| Net Mineral Weight | 40.3 MT | | |
| Tare Weight | 14.5 MT | | |
| Driver Details | Hansraj Ji( Mob No : 6378832233 ) | | |

Front Image
Side Image
Please scan the QR code or visit http://mines.rajasthan.gov.in/ to check online eTransit P

आसींद क्षेत्र से ही कहीं से भरा गया है जो मोरबी के लिए परिवहन हो रहा है, अवैध मिनरल परिवहन पर माइनिंग विभाग द्वारा एक लाख पचास रुपए का चालान बना ट्रेलर आसींद पुलिस थाने में जप्त कराया गया।

# राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री के मुख्य आतिथ्य में राज्य स्तरीय समारोह, जिला मुख्यालय पर लाइव प्रसारण

नमस्ते राजस्थान

**तनेराव सिंह जैसलमेर** राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम दादिया, वाटिका रोड़ जयपुर में ह्यएक वर्ष परिणाम उत्कर्ष राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। उक्त समारोह का लाइव प्रसारण प्रदेश के सभी जिलों में किया गया। जैसलमेर में उक्त समारोह का लाइव प्रसारण व्यास बगीची में किया गया। साथ ही जिले की सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में भी उक्त समारोह का लाइव प्रसारण कर बड़ी संख्या में लोगों को समारोह से जोड़ा गया।

लाभार्थियों को ग्राम दादिया पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन ने की व्यापक व्यवस्था

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में ग्राम दादिया, वाटिका रोड़ जयपुर में आयोजित हुए राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेने के लिए जिले के लाभार्थियों को



बसों के माध्यम से गन्तव्य स्थान तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई। इसके लिए करीब 40 बसों की व्यवस्था की गई। इस दौरान सभी चेक-पोस्ट पर मेडिकल स्टाफ, मेडिकल किट एवं एम्बुलैंस सहित भोजन पैकिट की भी व्यवस्था रही। इस दौरान सभी लाभार्थियों को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से प्रचार सामग्री के किट भी वितरित किए गए।

### लाइव प्रसारण से जुड़े ये अधिकारी

जिला स्तरीय समारोह के लाइव प्रसारण से जिला कलक्टर प्रताप सिंह, नगर परिषद् आयुक्त लजपाल सिंह, सयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी जयश्री उपनिदेशक महिला और बाल विकास महेश गुप्ता, उपनिदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क श्रवण चौधरी, समाजसेवी अरुण पुरोहित समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों से आमजन जुड़े।

# भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी के अगुवाई में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता पहुंचे जयपुर



नमस्ते राजस्थान

**भीलवाड़ा।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी की आम सभा आज मंगलवार को जयपुर (ददिया) में आयोजित हुई। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, भाजपा के मुख्यमंत्री माननीय भजनलाल शर्मा की सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्यस्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित किया। भीलवाड़ा से विधायक अशोक कोठारी के अगुवाई में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित सैकड़ो लाभार्थियों के साथ जयपुर पहुंचे। इस अवसर पर गोवत्स लाल महाराज, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भगवान सिंह चौहान, नगर निगम भीलवाड़ा उप महापौर रामलाल योगी, भाजपा वरिष्ठ नेता गजराज सिंह, पूर्व जिला महामंत्री प्रदीप सांखला, बाबूलाल टांक, कच्ची बस्ती जिला संयोजक गोर्वधन सिंह कटार, संजय राठी, गजेंद्र सिंह राठौड़, दिनेश सुथार, राजेश सेन, घनशयाम सिंघीवल, सत्यनारायण तेली भी साथ थे।

# अधिशेष शिक्षकों से जुड़ा मामला प्रोबेशन पीरियड में कर दिया ट्रांसफर

### परिवीक्षा काल में 5 शिक्षकों को सरप्लस बताकर किया ट्रांसफर, अधिकरण ने लगाई ट्रांसफर आदेश पर लगाई रोक

**जयपुर** परिवीक्षा काल में कार्यरत 5 शिक्षकों को सरप्लस कर अन्यत्र स्कूल में स्थानांतरण करने से जुड़े मामलों की अपील पर राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण (रेट) ने सुनवाई कर इनके ट्रांसफर आदेश पर रोक लगाई दी है तथा जिला शिक्षा अधिकारी जयपुर तथा कोटपूतली बहरोड़ सहित तीन अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। प्रार्थी शिक्षकों के अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने बताया कि प्रार्थी शिक्षक, अध्यापक ग्रेड-क्क्क के पद पर कार्यरत है और इनका दो वर्ष का परिवीक्षा काल भी पूरा नही हुआ है। अधिवक्ता संदीप कलवानिया ने सुनवाई के दौरान दलील दी कि जिला शिक्षा अधिकारी ने 6 एवं 7 दिसंबर को आदेश जारी कर प्रार्थी शिक्षकों को नियम विरुद्ध सरप्लस कर दिया और इनका परिवीक्षा काल में अन्यत्र तबादला कर दिया है। इसलिए ट्रांसफर आदेश अनुचित एवं विधि विरुद्ध है। उक्त आदेश के विरुद्ध प्रार्थी शिक्षकों ने अधिकरण में अपील दायर की थी। जिनमे अधिकरण की बेंच में इन शिक्षकों के तबादला आदेश पर रोक लगा दी तथा प्रार्थियां शिक्षकों को वर्तमान स्कूल में ही कार्यरत रखने के आदेश जारी किए हैं।

# भीलवाड़ा साँसद अग्रवाल के प्रयासों से टेक्सटाईल पार्क को लगेंगे पंख

नमस्ते राजस्थान



**भीलवाड़ा** सांसद दामोदर अग्रवाल ने आज संसद में नियम 377 के तहत लोकसभा के पटल पर भीलवाड़ा के बहुप्रतीक्षित मांग टेक्सटाईल पार्क के विषय को रखा ।। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि भीलवाड़ा जिले को वस्त्रनगरी के नाम से जाना जाता हैं इसलिए यहां का प्रमुख मुदा टेक्सटाईल पार्क का है भीलवाड़ा सांसद अग्रवाल ने चुनाव के दौरान भी भीलवाड़ा की जनता से टेक्सटाइल पार्क का वादा किया था जिसे पूरा करने के लिये लोकसभा में नियम 377 के तहत यह विषय को पुरजोर तरीके से रखा वह कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र भीलवाड़ा एक वस्त्र व्यापर का सुविख्यात केंद्र होकर मैनचेस्टर ऑफ इंडिया कहलाता है जिसमें प्रति माह 9 करोड़ मीटर कपड़ा उत्पादन,होता है 50,000 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध होता है व 30 हजार करोड़ सालाना टर्न ओवर होता है एवं 6,000 करोड़ वार्षिक निर्यात होता है महोदय, राज्य सरकार ने भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने की इच्छा से 1293 बीघा जमीन भी आवंटित कर रिजर्व में रख दी है स्पीकर महोदय मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से आग्रह पुर्वक निवेदन है कि आने वाले बजट में पी एम मित्रा योजना के अंतर्गत टेक्सटाइल पार्क की घोषणा करे ताकि वस्त्र नगरी भीलवाड़ा की बहुप्रतीक्षित टेक्सटाईल पार्क योजना राज्य सरकार के सहयोग से धरातल पर उतर सके जिससे भीलवाड़ा का उत्तरोत्तर विकास हो।।

E-Mail: namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com

# गंदगी,कचरा,मिट्टी एवं केमिकल से अटे पड़े औद्योगिक क्षेत्र के नाले, यह कैसी सफाई व्यवस्था

## रीको के अधिकारी बोले साल में दो बार ही करवाते साफ सफाई तो क्या बाकी दिनों में अस्वच्छता में रह रहे उद्यमी

### औद्योगिक क्षेत्र के गंदे पानी के निकासी के नालों में बह रहा है केमिकल

नमस्ते राजस्थान

**शिवगंज-** औद्योगिक क्षेत्र के नालों की सफाई व्यवस्था बद से बदतर बनी हुई है। अधिकांश नाले कचरे की सफाई नहीं होने के कारण बंद हो गए हैं और उनमें उपस्थित गंदगी से उद्यमियो का सांस लेना दूभर हो रहा है। साथ ही रीको क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। मालूम हो कि पिछले कई महीनों से औद्योगिक विभाग ने नालों की सफाई नहीं कराई है। बात अगर सफाई कर्मचारियों की करें तो नालों की सफाई करने के नाम पर मात्र रस्म अदायी करते हैं। जिससे नाले गंदगी और कीचड़ व केमिकल से भरें हुए हैं। औद्योगिक क्षेत्र में सफाई नहीं होने से सड़कों के आसपास एवं नाले गंदे पानी एवं केमिकल से भरें हुए है। जिससे नालें सड़ने के साथ ही जगह-जगह लगे गंदगी के ढेरों से आने वाली बदबू के कारण श्रमिक एवं उद्यमियों को सांस लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। औद्योगिक क्षेत्र के गंदे नालों का बुरा हाल बना हुआ है। ज्यादातर नाले कूड़े-करकट के साथ पॉलीथिन से अटे पड़े है। जिसके चलते उद्यमियों के साथ श्रमिकों का जीना मुहाल बना हुआ है। गंदगी से अटे पड़े नालों की वजह से संक्रामक रोगों के पनपने की भी संभावना बनी हुई है। उद्यमियों का कहना है कि वे कई बार समस्या का समाधान कराने की मांग कर चुके है, लेकिन किसी भी अधिकारी के कानों के






नीचे जूं तक नहीं रेंग रही है।

#### जनमानस के स्वास्थ्य पर खतरा

रीको क्षेत्र से निकल रहे नाले के पास ही रीको से कैमिकलयुक्त गंदा पानी जहां आसपास रहवासीय मकान व कॉलोनियां बनीं हुई हैं। यहां घरों में रहने वालों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। रीको की फैक्टरियों में काम करने वाले कामगारों को इस कचरे और कैमिकलयुक्त पानी से चर्म रोग संबंधी कई बीमारियों का खतरा हर समय मंडराता रहता है।

#### बगीचों की जगह गंदे नालों में उग आई दुर्वा

रीकों के जिम्मेदार अधिकारियों की अगर अनदेखी की बात करें तो औद्योगिक क्षेत्र में बने गंदे पानी के निकासी के नाले जिनमें लगभग डेढ़-दो फिट तक दुर्वा उग आई है । जिसे देखकर लगता है कि लगभग छह से आठ महीने तक नालों की साफ सफाई नहीं करवाई जाती है ।

#### कहीं गंदगी, तो कहीं केमिकल से भरें नजर आ रहे नाले

औद्योगिक क्षेत्र में बने गंदे पानी की निकासी के नालो में गंदा पानी तो कम लेकिन केमिकल से भरें पड़े नाले नजर आ रहे । कहीं रीको विभाग की अनदेखी तो कहीं ना कहीं जिम्मेदार उद्यमियों की भी लापरवाही का प्रत्यक्ष नजारा नजर आ रहा है । कुछ उद्योगपति केमिकल को गंदे पानी के नालों में ही डाल रहें हैं ।

#### मिट्टी से नाले अवरूद्ध

औद्योगिक क्षेत्र में पानी निकासी के नालों में कचरा व मिट्टी भरी पड़ी है कई जगह तो नाले में गंदा पानी अवरूद्ध पड़ा है जिससे दुर्गंध फैली रहती है पुराने रीको क्षेत्र में कई जगह पर पानी निकासी के लिए बने हुए नालों में मिट्टी भरी होने से गंदा पानी सड़क पर भी फैला हुआ नजर आ रहा है ।

#### क्या कहना है इनका

रीको क्षेत्र में बने गंदे पानी के निकासी के नालों की साफ सफाई की अगर बात करें तो यहां पर होली या दिवाली ही साफ सफाई होती है वह भी नाम मात्र की साफ सफाई करवाई जाती है। रीकों के जिम्मेदार अधिकारियों का साफ सफाई की ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं है ।
कमलसिह चौहान आशापुरा इंडस्ट्रीज शिवगंज

रीको के जिम्मेदार अधिकारी धरातल पर तों नहीं महज कागजों में ही करवाते हैं रीकों के नालों की साफ सफाई, नालों की स्थिति बद से बद्तर बनी हुई है । साफ सफाई के अभाव में गंदे पानी के निकासी के नाले कचरे से लबालब भरें पड़े हैं
उद्यमी महेंद्र बजरंगलाल बिंदल
शिव ऑयल मिल

औद्योगिक क्षेत्र के नालों की सफाई साल में दो बार ही करवाई जाती थी जो अब अगले साल करवाई थी वही बाकी मौका स्थिति के अनुसार देख लेते हैं। नए रखरखाव बजट में लेंगे और एक की गंदगी से बीमारियां फैल रही है जहां देखो बदबू मार रही है क्योंकि सफाई व्यवस्था ही अगर सही नहीं होगी सफाई कैसे होगी इसलिए अब उसे अधिकारियों से अवगत करवा कर रिको के नालों वह जगह जगह पर पड़ा गंदगी का ढेर की सफाई तुरंत करवाई जाएगी जिससे बीमारी न फैल सके।
रमेश कुमार रावल ऑयल मिल मालिक

मास्टर प्लान के अनुसार रिको में फैक्ट्रीआ ही होनी चाहिए और यहां पर आवासीय कालोनियां बनाई जा रही है जो वहां पर निवास करने वाले लोगों का जीवन खतरे में बना हुआ है अब फैक्ट्री अगर नहीं हुई इन बंगलो को नहीं रोका गया तो भविष्य में कभी बड़ी जनहानी होगी जिसकी जिम्मेदारी पालिका प्रशासन वह रिको प्रशासन की होगी क्योंकि यहां पर रिको का कार्यालय नहीं होने से यह मास्टर प्लान में हैराफैरी कर रहे हैं और रिको की जगह पर रीको ही होना चाहिए तब जाकर आम जनता को न्याय मिलेगा
**जैसाराम माली अध्यक्ष जवाई पर्यावरण एवं वन विकास समिति शिवगंज**

## कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने बालिका को जंजीरों से छुड़ाकर इलाज के लिए जोधपुर भिजवाया



जैतारण राधेश्याम दाधीच

जंजीरों से ज़िंदगीह्न अभियान की श्रंखला में एक और नया अध्यायङ्क इस अभियान के अंतर्गत जैतारण विधानसभा क्षेत्र के फूलमाल गांव में 16 वर्षीय बालिका रिंकू पुत्री रतनलाल जाट जो कि मानसिक रूप से पीड़ित हैं, इसकी जानकारी मिलते ही कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के निदेर्शानुसार उनके निजी सहायक राकेश गहलोत व रामराज गहलोत ने तुरंत विभागीय अधिकारियों व संगठन कार्यकताओं को उक्त मामले में संज्ञान लेते हुए उचित कार्य करने को निर्देशित किया जिसके अंतर्गत उनको इलाज हेतु सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व अविनाश गहलोत फाउन्डेशन के कार्यकताओं की सहायता से एम्बुलेंस के माध्यम से जोधपुर स्थित गुरूकृपा मानसिक विमंदित गृह के लिए भेजा गया है जिससे उनकी पूर्ण रूप से देखभाल व समुचित उपचार करवाया जा सके। इस मौके पर महेंद्र काबा, राजीव गहलोत, आकाश प्रजापति, अंकित काबा, मनीष गहलोत, हंसराज सिंघारिया, दिनेश गुरा, अर्जुन बंजारा उपस्थित रहे गौरतलब रहे की कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत इससे पूर्व भी अनेक पीड़ित लोगों को उपचार के लिए विभागीय सहायता करवा चुके हैं यह जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता हीरा देवी जांगिड़ ने दी

### टेंट खोलते समय महिला श्रमिक के सिर पर गिरा पाइप:

## पाली नगर निगम में हुआ हादसा, घायल का बांगड़ हॉस्पिटल में इलाज जारी

नमस्ते राजस्थान

**पाली** पाली में मंगलवार को टेंट खोलते समय लोहे का पाइप श्रमिक के हाथ से छूटकर नीचे काम कर रही मनरेगा श्रमिक के सिर पर गिर गया। हादसे में महिला श्रमिक का सिर फट गया। उसे इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

जानकारी के अनुसार पाली शहर के नगर निगम परिसर में शहर के आनंद नगर निवासी मनरेगा श्रमिक राधादेवी(50) पत्नी लाखुसिंह नगर निगम परिसर में पौधों को पानी दे रही थी। इस दौरान कुछ श्रमिक वहां लगा टेंट खोल रहे थे। अचानक लोहे का एक पाइप श्रमिक के हाथ से छूट कर नीचे काम कर रही राधादेवी के सिर पर जा गिरा। हादसे में महिला का सिर फट गया। उसे तुरंत इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां उसके सिर पर तीन टांके लगाए गए। घटना की जानकारी मिलने पर घायल मनरेगा श्रमिक के परिजन भी बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे।

## डल्लेवाल के समर्थन में 10 किसानों ने रखा सांकेतिक उपवास

नमस्ते राजस्थान

**हनुमानगढ़** न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी कानून की मांग को लेकर पिछले करीब 20 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में क्षेत्र के किसानों ने मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले जिला कलेक्ट्रेट के सामने एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। साथ ही 10 किसानों ने सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक एक दिन का सांकेतिक उपवास रखा। विधायक गणेश राज बंसल ने भी किसानों की मांग को जायज ठहराया और वे स्वयं भी कुछ देर के लिए धरने पर बैठे। भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष रेशम सिंह माणुका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से किसानों से किए गए वादे पूरे करने की मांग किसान कर रहे हैं। किसान अपनी मांग को लेकर करीब 13 महीने तक दिल्ली के बॉर्डरों पर डटा रहा। इस मांग को लेकर फरवरी माह से किसान लगातार खनौरी और शंभू बॉर्डर पर बैठा हुआ है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले कई दिनों से आमरण अनशन कर रहे हैं। उनकी तबीयत दिनों दिन बिगड़ रही है।

## ट्रेलर-कंटेनर की भिड़ंत के बाद लगी आग,दोनों ड्राइवर जिंदा जले:नागौर में बीकानेर रोड पर हुआ हादसा;3 घंटे तक NH-62 रहा जाम

नमस्ते राजस्थान



**नागौर** नागौर में मंगलवार सुबह 6 बजे नेशनल हाईवे-62 पर ट्रेलर और कंटेनर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई। ड्राइवरों को संभलने की का मौका तक नहीं मिला। दोनों के ड्राइवर केबिनों में फंस गए और आग में जिंदा जल गए। सदर सीआई सुरेश कस्वां ने बताया- नागौर जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर सदर थाना इलाके में बीकानेर की ओर जाने वाले रास्ते पर गोगेलाव व बारानी के बीच यह हादसा हुआ। नेशनल हाईवे पर एक्सीडेंट और आग की सूचना पर सदर थाने से टीम मौके पर पहुंची।

**डिवाइडर नहीं होने से आमने-सामने टकराए**

मौके पर दोनों वाहनों में भीषण आग लगी हुई थी। नेशनल हाईवे निमार्णाधीन है। जहां हादसा हुआ वहां बीच में डिवाइडर नहीं है। ऐसे में आमने सामने भिड़ंत हुई। दोनों वाहनों के केबिन धधक रहे थे। नागौर से 2 फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। आग बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के कारण नेशनल हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई गई थी। आग बुझने के बाद क्रेन से दोनों वाहनों को सड़क से अलग किया। इसके बाद सुबह 9 बजे नेशनल हाईवे पर ट्रैफिक को सुचारु कराया। पुलिस ने बताया- हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे में कंटेनर चालक परमराज निवासी भीलवाड़ा और ट्रक चालक हंसराज निवासी जांगडू (बीकानेर) की जलने से मौत हो गई। बीकानेर की ओर से आ रहे ट्रेलर में ईंटें भरी हुई थी जबकि भीलवाड़ा की ओर से आ रहे कंटेनर में मिर्च से भरी हुई थी।

## भारतीय ज्ञान परंपराओं को आधुनिक शिक्षा में एकीकृत करने पर राष्ट्रीय स्तरीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

नमस्ते राजस्थान






**भीलवाड़ा,** स्थानीय संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा, राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित पांच दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) का भव्य शुभारंभ किया। ₹आधुनिक शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रणालियों को एकीकृत करना: एनईपी-2020 परिप्रेक्ष्य₹ विषय पर आधारित कार्यक्रम में एआईयू-एएडीसी (अखिल भारतीय विश्वविद्यालय शैक्षणिक और प्रशासनिक विकास केंद्र) के तत्वाधान में 16 से 20 दिसंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें देशभर से शिक्षाविद, विशेषज्ञ और प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। उद्घाटन सत्र में कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रोफेसर बीपी शर्मा जी (अध्यक्ष यूनेस्को, एमजीपी) ने भारतीय ज्ञान प्रणालियों (आईकेएस) की समृद्ध परंपरा और इसकी आधुनिक शिक्षा में प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया की सभी आविष्कार जो हो गए हैं और होने वाले हैं सभी का संदर्भ भारतीय ग्रंथों में मिल जाते है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के आलोक में पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक शिक्षा के बीच सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। विशिष्ट वक्ता प्रोफेसर अनिल कोठारी (प्रिंसिपल गुरु नानक गर्ल्स पीजी कॉलेज उदयपुर ) ने अपने भाषण में कहा, ह्लभारतीय ज्ञान परंपराएं, जैसे योग, आयुर्वेद, खगोल विज्ञान और गणित, न केवल प्राचीन समय में अत्यधिक प्रभावशाली थीं, बल्कि आज के युग में भी उनका उपयोग आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी को दिशा देने में किया जा सकता है। यह कार्यक्रम आधुनिक शैक्षिक प्रणाली में इन परंपराओं के एकीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।रंजना परिहार (ज्वाइंट डायरेक्टर ऐ आई यू)ने संगम यूनिवर्सिटी के इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखेगी।उद्घाटन सत्र में उप कुलपति प्रोफेसर मानस रंजन पाणिग्रही ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसमें पांच दिनों में कुल 10 सत्रों का आयोजन होगा। ये सत्र प्रबंधन, मानविकी, चिकित्सा विज्ञान, और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विषयों पर केंद्रित होंगे। प्रतिष्ठित वक्ता आधुनिक शिक्षा और तकनीकी प्रगति में भारतीय ज्ञान प्रणालियों की भूमिका पर अपने विचार साझा करेंगे। कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा, ह्लयह कार्यक्रम न केवल ज्ञान के आदान-प्रदान का मंच है, बल्कि यह भारतीय परंपराओं को आधुनिक संदर्भ में प्रासंगिक बनाने का अवसर भी प्रदान करता है। यह पहल एनईपी-2020 के उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है।कुलसचिव प्रोफेसर राजीव मेहता ने कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को भारतीय ज्ञान प्रणालियों के विविध आयामों को समझने, उनका अध्ययन करने और उन्हें समकालीन शिक्षा में शामिल करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर प्रीती मेहता डायरेक्टर और नोडल ऑफिसर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि शुभारंभ सत्र के साथ, प्रतिभागी अब आने वाले दिनों में ज्ञानवर्धक सत्रों में भाग लेंगे।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर सीमा काबरा एवं डॉक्टर श्वेता बोहरा द्वारा किया गया।

## जीएसटी काउंसिल की 55 वी बैठक, जिला कलेक्टर ने की तैयारियों एवं विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा

### समिति प्रभारी एवं सह प्रभारी अधिकारियों को सुपुर्द दायित्वों को पूर्ण करने के निर्देश

नमस्ते राजस्थान




**तनेराव सिंह जैसलमेर** जिला कलक्टर प्रताप सिंह ने जिला मुख्यालय पर 21 दिसम्बर को आयोजित होने वाली 55 वीं जीएसटी काउन्सिल बैठक के सम्बन्ध में गठित की गई समितियों के प्रभारी अधिकारियों एवं सह प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण आयोजन के संबंध में समितियों को जो कार्य एवं दायित्व सोंपे गये है उनका पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निवर्हन करते हुए सभी व्यवस्थाएँ चाक-चौबन्द कर दें एवं किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दें। जिला कलक्टर श्री सिंह ने मंगलवार को जिला कलक्ट्री सभाकक्ष में 55 वीं जीएसटी काउन्सिल बैठक की तैयारी एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में नियुक्त समितियों के प्रभारी अधिकारियों एवं सह प्रभारी अधिकारिया की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त, उपनिवेशन नरेंद्र सिंह पुरोहित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाशदान जुगतावत समेत सभी समितियों के प्रभारी अधिकारी में उपस्थित थे। जिला कलक्टर ने इस सम्बन्ध में नियंत्रण कक्ष, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन समिति, परिवहन प्रबंधन समिति, आवास एवं भोजन प्रबंधन समिति, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सांस्कृतिक एवं पर्यटन तथा प्रेस मीडिया प्रबंधन समिति के प्रभारियों को निर्देश दिए कि जो कार्य उन्हें इस आयोजन के लिए दिए गये है उसकी सुक्ष्मता से कार्ययोजना बनाकर सभी व्यवस्थाएँ समय रहते पूर्ण करें। उन्होंने विशेष रुप से सुरक्षा एवं आवास प्रबंधन पर चर्चा की एवं इसकी समुचित व्यवस्था करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी अधिकारी अपने सह प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर जो कार्य किए जाने है उस पर विस्तार से चर्चा कर लें एवं बेहतर ढंग से सभी व्यवस्थाएँ करवाना सुनिश्चित करावें। उन्होंने सभी अधिकारियों को इसको प्राथमिकता देते हुए समय पर बेहतर से बेहतर व्यवस्थाएँ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की कोई अधिकारी लापरवाही नहीं बरतें एवं पूर्ण जिम्मेदारी के साथ कार्य संपादित करें।

# पालिका द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग के जांच की मांग को लेकर ईडी से की माँग

## पालिका में हर घर नल योजना में घोटाले की प्रवर्तन निदेशालय से जांच की की मांग

**पालिका प्रशासन व अध्यक्ष पार्षदो ने मिलकर करोडों का नुकसान पहुंचाया है भष्ट्राचार ब्यूरो मे मुकदमा दर्ज कराना चाहिए**

## नेताओं ने मिलकर पालिका कोष का करोडों रुपए बर्बाद किया है पानी की लाईन सडकों पर बिखरी पडी है

नमस्ते राजस्थान





जनता को पानी से वंचित रखा गया है

**शिवगंज-** नगरपालिका क्षेत्र के सभी 35 वार्डो में नलो के नाम पर पालिका अधिशाषी अधिकारी व पालिकाध्यक्ष द्वारा अपने चहेते स्वयंभू ठेकेदारों द्वारा पालिका को करोड़ों रुपयों का दुरूपयोग करने पर सम्बन्धित अधिकारी व जनप्रतिनिधी पर कार्यवाही करते हुए दुरूपयोग की गई राशि को सम्बन्धित अधिकारी व जनप्रतिनिधी से वसूल करने व स्वयंभू ठेकेदारों को ब्लेकलिस्टिड करने हेतु प्रवर्तन निदेशालय दिल्ली एवं जयपुर को शहर निवासी माली ने पत्र भेज करवाया अवगत, माली ने पत्र में बताया कि नगरपालिका क्षेत्र के समस्त 35 वार्डों में हर घर नल योजना के तहत पालिका में विराजे अधिकारियों द्वारा स्वयभुं पार्षद जो ठेकेदार बन बैठे हैं। उन्होने जहा भी पाईप लाइन बिछाई वह घटिया किस्म की तो थी ही लेकिन साथ ही जो पाईप फिटिंग का सामान व नल उससे भी घटिया क्वालिटी के इस्तमाल किए गए हैं। उसके बाद जिन जिन वार्डों में पाईप खोदकर अन्दर डाला गया वह नियम विपरित जाकर महज 01 से 02 इंच तक की नाममात्र की खुदाई करके खानापूर्ति करते हुए डाला गया हैं तो वही शहर की ऐसी भी कई गलियां है जहां खोदना तो दूर खुली पाईप लाईन डालकर छोड़ गए। जो कुछ ही महिनों में टुटकर बिखर गई । इन पाइप लाईनों का गारंटी समयावधि अभी तक तो पूरी भी नही हुई और उससे पहले ही जिम्मेदार पालिका के अधिकारियों ने रिपेयरिंग के नाम पर आदेश जारी कर दिया ठेकेदारों से सांठ गांठ कर रिपेरिंग के नाम का ऑर्डर जारी कर डाला जो स्वयंभू ठेकेदारों के द्वारा पाईप लाईन बिछाई गई हैं उसका नाप तोल भी उन्हीं ठेकेदारों से करवा डाला जो गलत नाप पेश कर पेशा उठाने की पुरजोर कोशिश जारी हैं माली ने बताया कि नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी, उपखंड अधिकारी शिवगंज व जिला कलेक्टर को भी इस संदर्भ में हुए घोटाले की शिकायत की गई हैं इसके बावजूद भी इस संदर्भ में समस्त जिम्मेदार अधिकारियों ने आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नही की वह स्वयंभू ठेकेदारो व पार्षद के खिलाफ नहीं की गई हैं उल्टा नगरपालिका अधिषाशी अधिकारी व पालिका अध्यक्ष द्वारा आनन फानन में अपने चहेते स्वयंभू ठेकेदारों को इस घोटाले का भुगतान करने पर तत्पर हैं।

शहर के समस्त वार्डों में पालिका द्वारा बिछाई गई पाइप लाईनों की जांच उच्च क्वालिटी कंट्रोल बोर्ड से करवाकर जांच रिपोर्ट आने तक पाईप लाईनों सम्बन्धित कार्यो का भुगतान रोका जाएं तब जाकर शिवगंज शहर की जनता को न्याय मिलेगा नही तो भष्ट्राचारीओ को जेल भेजना चाहिए शिवगंज शहर में हर घर नल योजना के अंदर पानी का प्रशासन करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार कर जो सडकों के ऊपर लाइन डालने का कार्य अलग-अलग ठेकेदारी की पार्षॅद ठेकेदार बनकर बैठे थे किसकी चली उसने पैसा उठा दिया और इसकी नहीं चली उसका पैसा आज भी रूका हुआ है रोहीडा वाली वास साठिया वास मानसा वाली वास करण नगर व आदि अन्य जगहों सहित शहर की अन्य गलीओ के लिए वाडॅ में पाइप लाइन खुली नालियों के अंदर पड़ी है जो नालियों का गंदा पानी लोगों को पीने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि पालिका में धन को लूटने के अलावा कोई काम नहीं किया भ्रष्टाचारियों की जाँच कर लो जहां भी जांच करो वहां पर सिर्फ भ्रष्टाचार किया पानी की टंकी के नाम का सिर्फ मोटर एक किलों वोल्ट की लगती है वही 3 किलो वोल्ट का भुगतान उठा दिया गया करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया फर्जी भी लूटने का तो इन्होंने ठेका लिया है और नहीं ठेका दिया है उसके बाद भी ऐसे ही कार्यवाही हो रही है तुरंत इन सबने जो भ्रष्टाचार किया है हेडपंप पर लगी मोटर नल पाइप लाइन विद्युत तार व रस्सी जो लाखों रुपए की लाई नहीं बिल उठ गया इसलिए और ऐसे भ्रष्टाचारियों को जिसकी जॉच करवा कर जो भी दोषी अधिकारी कर्मचारी है वह पार्षॅद जो ठेकेदार बनकर बैठे हैं उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाकर जिसने भुगतान उठाया गया वह भुगतान वापस ठेकेदार से वसुलना चाहिए तब जाकर पार्षॅदो की ऑखे खुलेंगी व पालिकाध्यक्ष व ठेकेदार पार्षॅदो के विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए।

---

### PM मोदी आज जयपुर में,एयरपोर्ट से दादिया तक ट्रैफिक डायवर्ट

# 4 हजार पुलिसकर्मी तैनात;जेएलन मार्ग और टोंक रोड पर रहेगी अलग से व्यवस्था

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सांगानेर के दादिया में एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जयपुर आ रहे हैं। पीएम के आने और जाने के लिए एयरपोर्ट से दादिया तक विशेष ट्रैफिक व्यवस्था की गई है। वीवीआईपी के आने और जाने के दौरान सिविल लाइन,भवानी सिंह रोड,जेएलएन मार्ग, जवाहर सर्किल,टोंक रोड पर विशेष ट्रैफिक व्यवस्था की गई हैं। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आने वाले मुख्य अतिथियों के आगमन और प्रस्थान के दौरान कुछ समय के लिए ट्रैफिक रोका जाएगा। हालांकि पीएम जयपुर एयरपोर्ट से हेलिकॉप्टर से सीधे कार्यक्रम स्थल पर जाएंगे। वहीं सड़क मार्ग की व्यवस्था भी की गई है।



### पीएम के कार्यक्रम और सुरक्षा में जयपुर पुलिस के 4 हजार पुलिसकर्मी तैनात

पीएम मोदी के जयपुर दौरे और इस कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर जयपुर पुलिस के 4 हजार से अधिक जवान और अधिकारी शामिल हैं। पुलिस का यह जाब्ता जयपुर एयरपोर्ट,मुख्यमार्ग के साथ-साथ कार्यक्रम स्थल के आसपास सुरक्षा में लगाया गया है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर डॉक्टर रामेश्वर सिंह के बताया कि सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस का जाब्ता लगा दिया गया है। एयरपोर्ट से दादिया तक दो बार रिहर्सल की जा चुकी है। ड्यूटी पर लगने वाले सभी पुलिसकर्मियों को सुरक्षा को लेकर ब्रीफिंग भी हो चुकी है। पीएम विजिट में 12 आईपीएस अधिकारी, 55 एडिशनल एसपी, 86 डिप्टी एसपी, 415 एसआई एएसआई और 4 हजार पुलिसकर्मी तैनात होंगे, साथ ही 11 आरएसी की कंपनी के जवान भी सुरक्षा में रहेंगे।

### बाहरी जिलों से आने वालों की यह रहेगी व्यवस्था

भरतपुर संभाग और आगरा रोड से आने वाले वाहन बगराना से रिंग रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। भिवाड़ी, कोटपूतली, शाहपुरा, और दिल्ली रोड से आने वाले वाहन चंदवाजी से 200 फीट एक्सप्रेस हाईवे होते हुए अजमेर रोड से रिंग रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कोटा संभाग और टोंक रोड से आने वाले वाहन रिंग रोड से कार्यक्रम स्थल तक पहुंच सकेंगे, बीकानेर, सीकर संभाग और सीकर रोड से आने वाले वाहन 14 नंबर एक्सप्रेस पुलिया से 200 फीट एक्सप्रेस हाईवे होते हुए अजमेर रोड से रिंग रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। जोधपुर, अजमेर संभाग और अजमेर रोड से आने वाले वाहन नृसिंहपुरा पुलिया से वर्टिकल स्पाइन रोड, कलवाड़ा टी पॉइंट, मुहाना अंडरपास होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। जयपुर शहर के वाहन सांगानेर से टोंक रोड, वाटिका मोड और वाटिका रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंच सकेंगे।

---

### ढक्कन निगलने से 14 महीने के बच्चे की मौत:

# हॉस्पिटल में डॉक्टर नहीं मिले, परिजन भड़के; 18 साल बाद हुआ था बेटा

नमस्ते राजस्थान

**बांसवाड़ा** 14 महीने के बच्चे ने खेलते-खेलते ढक्कन निगल लिया। इससे उसकी मौत हो गई। मामला बांसवाड़ा के लोहारी थाना इलाके के सरेड़ी बड़ी कस्बे का है। सरेड़ी बड़ी कस्बा निवासी हीरेन जोशी का 14 महीने का बेटा मानविक सोमवार रात 9 बजे विक्स की डिब्बी से खेल रहा था। इस दौरान उसने ढक्कन निगल गया था। परिजन मानविक को सरेड़ी बड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां एक नर्स और चपरासी ही थे। कोई डॉक्टर नहीं था। ऐसे में परिजन बच्चे को लेकर बांसवाड़ा जिला अस्पताल के लिए निकले, लेकिन रास्ते में बच्चे की मौत हो गई। परिजन घर लौट गए। रात 10 बजे परिजन और अन्य लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और हंगामा कर दिया।

### हॉस्पिटल को ताला लगाकर नारेबाजी की

परिजन का आरोप है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों की गैर मौजूदगी के कारण बच्चे को तत्काल इलाज नहीं मिला। इससे उसकी जान चली गई। उन्होंने हॉस्पिटल को ताला लगा दिया। अस्पताल प्रशासन और चिकित्सा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। पीड़ित पिता ने बताया- मैं सरकारी टीचर हूं। मानविक की मां गृहिणी है। दो बेटियों के बाद करीब 18 साल बाद बेटा हुआ था। बेटियां जयपुर में पढ़ाई करती हैं। बेटे के लिए हमने काफी मन्नतें मांग रखी थीं। मानविक के जन्म से पूरा परिवार खुश था।

### लोग बोले- इमरजेंसी में डॉक्टर नहीं मिलते

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि इमरजेंसी में अस्पताल पहुंचने पर वहां अक्सर कोई नहीं मिलता। डॉक्टर की अनुपस्थिति से कस्बे सहित आसपास के पूरे क्षेत्र में हालात




बद से बदतर होते जा रहे हैं। लोगों ने मांग की कि स्टाफ को तुरंत बर्खास्त किया जाए और दूसरे डॉक्टरों व स्टाफ की नियुक्ति की जाए। मौके पर उप पुलिस अधीक्षक गढ़ी सुदर्शन सिंह पालीवाल और थाना इंचार्ज रोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस पहुंची। विरोध कर रहे लोग बांसवाड़ा चीफ मेडिकल ऑफिसर और ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (इउटड) को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। ऐसे में बांसवाड़ा चीफ मेडिकल ऑफिसर हीरालाल ताबियार और इउटड दीपिका रोत ने फोन पर बात की। लेकिन, लोग उन्हें मौके पर आने की मांग करने लगे। रात करीब 10:30 बजे दीपिका रोत मौके पर पहुंचीं और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने प्रदर्शन खत्म किया।

### दो डॉक्टर नियुक्त हैं, एक छुट्टी पर था

सरेड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो डॉक्टर तैनात हैं। इनमें से एक डॉ. शुभम वर्मा सोमवार को अवकाश पर थे। दूसरे डॉक्टर डॉ. क्षितिज जैन की यूटीबी (अर्जेंट टेम्परेरी बेसिस) स्कीम के तहत नियुक्ति है। डॉ. क्षितिज दिनभर ओपीडी में थे।

---

# कंटेनर के प्राइवेट चैंबर से 135 शराब कार्टून जब्त:अंधेरे का फायदा उठाकर ड्राइवर भागा

**सीकर** सीकर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिन्होंने नाकाबंदी के दौरान कंटेनर में बने चैंबर में छिपाकर ले जा रही अवैध शराब के 135 कार्टून बरामद किए हैं। हालांकि आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। फिलहाल आबकारी विभाग की टीम आरोपी की तलाश में जुटी है। जिला आबकारी अधिकारी सुमेर सिंह ने आज सुबह सीकर में झुंझुनूं-जयपुर बाइपास रोड पर एलन कोचिंग के सामने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर अएड रामसहाय जाट और ढड दक्षिण महेश कुमार मील ने टीम के साथ मिलकर नाकाबंदी की। इसी दौरान नागालैंड नंबरों का एक ट्रक कंटेनर आता हुआ दिखाई दिया। जब उस ट्रक की तलाशी ली गई ट्रक में पीछे कंटेनर खाली था। लेकिन कंटेनर में प्राइवेट चैंबर/पार्टेशन बनाया हुआ था। संदिग्ध लगने पर जब इसे काटकर देखा गया तो अंदर 135 शराब के कार्टून मिले। 95 कार्टून मैकडॉल्स व्हिस्की 40 कार्टून रॉयल स्टैग व्हिस्की के थे। जिनमें कुल 1620 शराब की बोतल थी। आबकारी विभाग के अनुसार रात को जब नाकाबंदी के दौरान ट्रक की तलाशी ली जा रही थी तो ड्राइवर अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया। हालांकि मौके पर मौजूद टीम ने काफी तलाश की लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। फिलहाल अब ड्राइवर की तलाश की जा रही है। आपको बता दें कि इससे पहले भी 23 अक्टूबर को सीकर में आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब पकड़ी थी। जिसे भी इसी तरह कंटेनर में डालकर पंजाब से गुजरात ले जाया जा रहा था। प्राथमिक तौर पर आबकारी विभाग का मानना है कि इस शराब को पंजाब से लोड करके गुजरात ले जाया जा रहा था। आबकारी अधिकारी सुमेर सिंह ने बताया कि वर्तमान में नववर्ष के पहले आबकारी विभाग अवैध शराब के परिवहन और बिक्री को रोकने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। कंटेनर में पीछे जो प्राइवेट चैंबर बनाया हुआ था। वह टीम को कटर से काटना पड़ा। कंटेनर में शराब के कार्टून भी ड्राइवर की सीट के ऊपरी हिस्से के रास्ते डाले जाते थे और वहीं से उन्हें बाहर निकाल लिया जाता। नाकाबंदी के दौरान जब टीम को कंटेनर के अंदर और बाहर के साइज में फर्क लगा तो उन्होंने कटर से काटा।

---

# डोमई गांव में जरख का आतंक:हमले में एक महिला और पुरुष घायल, सरमथुरा अस्पताल में कराया भर्ती

**धौलपुर** धौलपुर के सरमथुरा थाना क्षेत्र स्थित डोमई गांव में देर रात को एक महिला और पुरुष जरख के हमले में घायल हो गए। जिन्हें देर रात को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए सरमथुरा अस्पताल लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई। ग्रामीण उदय सिंह ने बताया कि उनके गांव में देर रात को अचानक एक जरख आ गया। जिसने घर में बैठे व्यक्ति श्रीनिवास (45) पुत्र लक्ष्मण पर हमला कर दिया। युवक के शोर मचाते ही मौके पर ग्रामीण पहुंच गए। जिन्हें देखकर जरख भाग निकला। जिसके बाद जरख ने गांव में घर के बाहर बैठी महिला खिलोनी (40) पत्नी रतिराम पर भी हमला कर दिया। गांव में एक साथ महिला और पुरुष पर हमले किए जाने के बाद ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। जिस शोर को सुनकर जरख मौके से भाग निकला। घटना के बाद ग्रामीण घायलों को लेकर सरमथुरा अस्पताल पहुंचे। ग्रामीण ने बताया कि घटना के बाद दोनों घायलों को सरमथुरा अस्पताल में इलाज दिया गया हैं।

# राजस्थान सरकार का 01 वर्ष पूरा होने पर आयोजित कार्यक्रम एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लिया भाग

## प्रधानमंत्री ने ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया

### जिले के 8 हजार से अधिक लाभार्थियों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में की शिरकत, माकूल इंतजाम के लिए जिला प्रशासन का जताया आभार

नमस्ते राजस्थान






**नगर निगम सभागार में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण**

**भीलवाड़ा,17 दिसम्बर।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजस्थान सरकार का एक वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'एक वर्ष-परिणाम उत्कर्ष' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने जयपुर में ऊर्जा, सड़क, रेलवे और जल से जुड़ी 46,300 करोड़ रुपये से अधिक की 24 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

राज्य सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में वाटिका के दादिया में राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित किया।

इस कार्यक्रम का समस्त ग्राम पंचायतों में आईटी सेवा केन्द्रों में लाइव प्रसारण किया गया। वहीं जिला स्तर पर नगर निगम सभागार में लाइव प्रसारण किया गया।

प्रधानमंत्री ने 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की 9 परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिनमें केंद्र सरकार की 7 और राज्य सरकार की 2 परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने 35,300 करोड़ रुपये से अधिक की 15 परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। जिनमें केंद्र सरकार की 9 और राज्य सरकार की 6 परियोजनाएं हैं।

कार्यक्रम के दौरान जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, उनमें नवनेरा बैराज, स्मार्ट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन नेटवर्क और परिसंपत्ति प्रबंधन प्रणाली से जुड़ी परियोजनाएं, रेलवे के भीलड़ी-समदड़ी-लूणी-जोधपुर-मेड़ता रोड-डेगाना-रतनगढ़ खंड का विद्युतीकरण और दिल्ली-वडोदरा ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट (एनएच-148एन) (एसएच-37ए के जंक्शन तक मेज नदी पर प्रमुख पुल) परियोजना का 12 वां पैकेज शामिल है। ये परियोजनाएं लोगों के आवागमन को आसान करने और प्रधानमंत्री के हरित ऊर्जा के दृष्टिकोण के अनुरूप राज्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेंगी।

प्रधानमंत्री ने 9,400 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से रामगढ़ बैराज और महलपुर बैराज के निर्माण कार्य तथा चंबल नदी पर नहर के माध्यम से नवनेरा बैराज से बीसलपुर बांध और ईसरदा बांध तक पानी स्थानांतरित करने की प्रणाली की आधारशिला भी रखी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सरकारी कार्यालय भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने, पूगल (बीकानेर) में 2000 मेगावाट के एक सौर पार्क और 1000 मेगावाट के दो चरणों के सौर पार्कों के विकास तथा सैपऊ (धौलपुर) से भरतपुर-डीग-कुम्हेर-नगर-कामाण और पहाड़ी तथा चंबल-धौलपुर-भरतपुर तक पेयजल आपूर्ति लाइन के रेट्रोफिटिंग कार्य का भी शिलान्यास किया। इसके अतिरिक्त वे लूणी-समदड़ी-भीलड़ी डबल लाइन, अजमेर-चंदेरिया डबल लाइन और जयपुर-सवाई माधोपुर डबल लाइन रेलवे परियोजना के साथ-साथ अन्य ऊर्जा पारेषण से संबंधित परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया।





#### जिला प्रशासन ने लाभार्थियों के लिए की व्यापक व्यवस्था

माननीय प्रधानमंत्री महोदय के जयपुर कार्यक्रम के लिए जिले से 231 बसों में रवाना हुए 8 हजार से अधिक लाभार्थियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा उपयुक्त व्यवस्थाएं की गई। जिले से बसों के माध्यम से रवाना हुए लाभार्थियों के लिए जिला प्रशासन द्वारा गर्म दूध, दलिया, गर्म पानी से स्नान, अलाव सहित अन्य व्यवस्थाएं की गई। छोटे बच्चों के लिये दूध, बिस्कुट, वाईप्स, डाइपर और दवाओं के लिये मेडिकल किट आदि की व्यवस्था प्रत्येक बस में की गई। इसी तरह महिला यात्रियों के लिये सेनेटरी नेपकिन, गर्म पानी और अलाव की व्यवस्था भी की गई। मेडिकल किट और सेनेटरी नेपकिन भी प्रत्येक बस में रखवाये गये। छोटे बच्चों को दूध पिलाने वाली महिलाओं के लिये पौष्टिक नाश्ता, गर्म दूध भी बस में उपलब्ध करवाये गये। महिला और बच्चों की सुरक्षा हेतु भी पर्याप्त इंतजाम करवाये जाने पर महिला और पुरूष यात्रियों द्वारा जिला प्रशासन की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

---

**कोचिंग हादसे की जांच की मांग,NSUI ने सौंपा ज्ञापन:**

## कलेक्टर से जांच की मांग; छात्रसंघ अध्यक्ष बोले- बीजेपी शिक्षा को व्यापार में बदल रही

नमस्ते राजस्थान



**भरतपुर** जयपुर की उत्कर्ष कोचिंग में गैस रिसाव के चलते बेहोश हुए स्टूडेंट की घटना के बाद भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने भरतपुर कलेक्टर अमित यादव को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि राजस्थान के सभी शिक्षण संस्थानों की मानकों के अनुसार जांच की जाए। साथ ही घटना की निष्पक्ष जांच की जाए। दोषी शिक्षण संस्थान पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि अगर सरकार और प्रशासन ऐसा नहीं करता तो ठरवक संगठन छात्रों के हितों में आंदोलन करेगा। टरख कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष कौशल फौजदार ने ज्ञापन देते हुए बताया कि जयपुर के उत्कर्ष कोचिंग संस्थान से छात्रों के बेहोश होने के मामले में ठरवकसंगठन ने आवाज उठाई। यह घटना छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। कोचिंग संस्थान और प्रशासन की लापरवाही ने इस मामले को और भी ज्यादा गंभीर बना दिया है। राजस्थान की बीजेपी सरकार का कोई भी प्रतिनिधि घटनास्थल पर नहीं पहुंचा। जिससे साफ है कि सरकार छात्रों की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। कौशल फौजदार ने बताया कि बीजेपी सरकार शिक्षा को व्यापार में बदल रही है। बीजेपी सरकार छात्रों के भविष्य की चिंता नहीं कर रही। राजस्थान के सभी शिक्षण संस्थानों की मानकों के अनुसार जांच की जाए। साथ ही घटना की निष्पक्ष जांच की जाए। दोषी शिक्षण संस्थान पर सख्त कार्रवाई की जाए। अगर सरकार और प्रशासन ऐसा नहीं करता तो ठरवक संगठन छात्रों के हितों में आंदोलन करेगा।

---

**ऑस्ट्रेलियाई युवक का न्यूड वीडियो बनाकर 8.50 लाख ठगे:**

## पुलिस को रोते हुए बोला-मैं सुसाइड कर रहा हूं; पत्नी से फोन करवाता था साइबर ठग

नमस्ते राजस्थान

**गोविंदगढ़ (अलवर)** साइबर ठगों ने पहले ऑस्ट्रेलियाई युवक का न्यूड वीडियो बनाया। फिर उसे ब्लैकमेल कर उससे 10 हजार डॉलर (करीब 8.50 लाख रुपए) अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद भी साइबर ठग पीड़ित को वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देते रहे। वे और मनी की डिमांड कर रहे थे। मामला अलवर के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र का है। ठगों से परेशान युवक ने फोन कर पुलिस को आपबीती बताई और सुसाइड करने की बात कही। इसके बाद पुलिस आरोपियों के मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस कर महज 30 मिनट में उनके ठिकाने तक पहुंच गई। हालांकि ठग उससे पहले ही फरार हो गए थे। फिलहाल सामने आया है कि ठग अपनी पत्नी के जरिए ऑस्ट्रेलियाई युवक को ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस ठगों की तलाश में अलग-अलग जगह दबिश दे रही है।



#### पुलिस को कॉल पर कहा, मैं सुसाइड कर रहा हूं

गोविंदगढ़ थानाधिकारी नेकीराम ने बताया- ऑस्ट्रेलिया से एक युवक का कॉल आया था। युवक ने रोते हुए आपबीती बताई थी। युवक ने बताया कि ठग ने मीनाक्षी के नाम से फेक आईडी बनाई थी। इस आईडी से उसने फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। ठग ने वॉइस कॉल पर भी बात की। इसके बाद फेसबुक पर वीडियो कॉल कर न्यूड महिला ने उसे कपड़े उतारने के लिए कहा। इस दौरान महिला ठग ने वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और ब्लैकमेल कर रुपयों की डिमांड शुरू कर दी। अलग-अलग बार में कुल 10 हजार डॉलर अपने अकांउट में ट्रांसफर करवाए।

#### पुलिस पहुंची तो भाग गए साइबर ठग

ऑस्ट्रेलियाई युवक के दिए गए नंबरों की लोकेशन ट्रेस कर पुलिस ने गांव फाहरी में फकरुद्दीन के मकान पर दबिश दी। तब मकान के पास से दो लड़के निकलकर खेतों में भाग गए। मकान में दो महिलाएं दिखीं, जिनसे पूछताछ की तो वे गाली-गलौज कर शोर मचाने लगीं और मोबाइल गेट के पास फेंककर भाग गईं।

#### पत्नी से करवाता था ठगी

जांच में सामने आया कि साइबर ठग विदेशी नागरिक को अपनी पत्नी से फोन करवाता था। पैसे नहीं देने पर पुलिस में शिकायत और वीडियो सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देती थी।

#### दो महिलाओं समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज

साइबर ठग साहिल पुत्र फकरुद्दीन मेव, वकील खां पुत्र फकरुद्दीन मेव, बसमीना पत्नी फकरुद्दीन मेव और सकूनत पत्नी वकील खां मेव निवासी फाहरी, थाना गोविंदगढ़ (अलवर) के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने तीन मोबाइल जब्त किए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

---

# घर में बने टैंक में डूबने से सरकारी-टीचर की मौत:नहाने के लिए पानी लेने गए थे, फिसलकर गिरे;बाहर पत्नी को शॉल मिला

नमस्ते राजस्थान

**बांदीकुई(दौसा)** दौसा जिले में सरकारी टीचर की घर में बने पानी के टैंक में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार सुबह 6 बजे टीचर नहाने के लिए वाटर टैंक से पानी लेने गए थे। इस दौरान वे फिसल गए और 15 फीट गहरे टैंक में गिर गए। जब काफी देर तक पानी लेकर नहीं लौटे तो परिजन को चिंता हुई। परिजन टैंक के पास पहुंचे तो बाहर उनकी शॉल पड़ी मिली। टैंक में झांका तो अंदर शव पड़ा था। मामला बांदीकुई में



बसवा थाना इलाके के पंचमुखी इलाके का है। बसवा थाने के हेड कॉन्स्टेबल राजवीर सिंह ने बताया- पंचमुखी कॉलोनी में रहने वाले ललित मोहन सैनी (46) राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल, मोराडी (बांदीकुई) में ग्रेड थर्ड टीचर के पद पर कार्यरत थे। उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार होना था। मंगलवार सुबह 6 बजे बाल्टी लेकर वे घर के पास बने वाटर टैंक पर गए थे।

#### टैंक में 14 फीट तक भरा था पानी

पुलिस को परिजन से मिली जानकारी के अनुसार- ललित मोहन रोजाना स्कूल जाने के लिए जल्दी उठते थे। वे घर में बने टैंक से बाल्टी भरकर नहाने के लिए बाथरूम में पानी लाते थे। मंगलवार सुबह 6 बजे रोजाना की तरह ललित मोहन बाल्टी लेकर टैंक तक गए। उन्होंने शॉल ओढ़ रखा था। इस दौरान पत्नी राजंती देवी चाय-नाश्ता तैयार करने में लगी थीं। लगभग एक घंटे तक जब ललित मोहन नहीं आए तो राजंती देवी को चिंता हुई। वे टैंक तक गईं। वहां शॉल पड़ा हुआ था। इसके बाद उन्होंने आसपास तलाश किया। बेटी शिवानी (18), बेटे रोहन (15) और अक्षत (7) भी पिता की खोज करने लगे। राजंती देवी को बाल्टी भी दिखाई नहीं दी। वे टैंक के पास गईं और टैंक में झांका तो ललित मोहन पानी में पड़े हुए थे। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के लोग जुट गए। परिजन ने बसवा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजन और गांव वालों की मदद से शव को बाहर निकाला। बांदीकुई उप जिला अस्पताल की मॉच्युर्री में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। टैंक में 14 फीट तक पानी भरा हुआ था। पुलिस का मानना है कि पानी निकालने के दौरान फिसलने से ललित मोहन पानी में गिर गए और डूबने से उनकी मौत हो गई। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

---

**बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मारी मौत:**

## राहगीर ने फोन पर सूचना दी, इलाज के दौरान दम तोड़ा



**कोटा** बूंदी जिले के केशवरायपाटन थाना क्षेत्र के मेहराना गांव निवासी युवक मनीष मीणा (25) की सड़क हादसे में मौत हो गई। मनीष मीणा अपने दोस्त गिर्राज मीणा के साथ खेत में फसलों में पानी देकर सोमवार रात के बाइक से घर आ लौट रहा रास्ते में पाटन रोड पर पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गम्भीर घायल हो गए थे। इलाज के दौरान मनीष ने दम तोड़ दिया।

#### इलाज के दौरान दम तोड़ा

मनीष के चाचा ब्रह्मानंद मीणा ने बताया कि मनीष शाम के समय खेत पर गया था। रात 9 बजे करीब बाइक से वापस लौट रहा था। उसके साथ उसका दोस्त गिर्राज भी था। रास्ते मे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक के टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल होकर सड़क पर गिर गए। राहगीर ने मनीष के फोन से दोस्त को फोन लगाया तब जाकर घटना का पता लगा। दोनों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए कोटा लाए। जहां मनीष की मौत हो गई। गिर्राज का एक हाथ फ्रेक्चर हो गया। एक्सीडेंट कैसे हुआ इस बारे में पता नहीं। केशवरायपाटन थाना के एएसआई नंद सिंह ने बताया कि मनीष मीणा और गिर्राज मीणा अपने खेत पर फसलों को पानी देने के बाद घर जा रहे थे। रास्ते में कदम रिसॉर्ट के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।ट्रैक्टर चालक मौके से ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गया। सिर पर चोट लगने से मनीष की इलाज के दौरान मौत हो गई। शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जा रहा है। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे जांच की जाएगी।

**डॉक्टर्स बोले- बच्चों को नंगे पैर न घूमने दें:**

## सर्दियों में बढ़ रहा ब्रोंकाइटिस का खतरा, जानें, कैसे रखें सेहत का खयाल



**अजमेर** अजमेर में सर्दी का प्रकोप बढ़ने के साथ बच्चों में बीमारियां बढ़ने लगी है। संभाग के सबसे बड़े जेएलएन अस्पताल में बच्चों की संख्या में वृद्धि हो रही है। डॉक्टर्स ने बच्चों को फर्श पर नंगे पांव नहीं घूमने के लिए अलर्ट किया है। फर्श पर नंगे पांव घूमने पर बच्चों को ब्रोंकाइटिस का वायरस फैल रहा है। डॉक्टर्स के अनुसार जैसे-जैसे जिले में सर्दी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। वैसे ही ब्रोंकाइटिस का वायरस बच्चों के साथ बड़ों को भी अपना शिकार बन रहा है। इस पर खांसी, जुकाम के साथ ही बच्चों की पसली चलने लग जाती है और सांस लेने में परेशानी होने लगती है। यह एक प्रकार का इंफेक्शन है, जो धूल, धुंए और मिट्टी से ज्यादा फैलता है। ठंड के मौसम में बच्चों को नंगे पांव फर्श पर घूमने से जल्दी जुकाम लगता है और यह बच्चों में अधिक फैलता है। डॉक्टर्स के अनुसार पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन 25-30 ब्रोंकाइटिस के मरीज अस्पताल में आ रहे हैं। शिशु रोग विभाग में विशेषज्ञों के अनुसार 15 से 20 नवजात एवं शिशु भर्ती सर्दी के कारण सांस की नली में संक्रमण होकर आ रहे हैं।

#### ये हैं लक्षण

सुबह के समय एंव रात्रि में तेज खांसी, जुकाम एवं सांस लेने में तकलीफ होती है। बुखार के बाद कई दिनों तक सूखी खांसी चलती रहती है। डॉक्टर ने बताया कि हलके गर्म पानी का उपयोग, हल्का बुखार होने पर दवा का सेवन, सर्दी से बचाव रखें, अधिक से अधिक मात्रा में गर्म पदार्थ का सेवन करें, नाक से पानी आने, गले में दर्द तेज बुखार होने और सांस चलने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

## भूखंड में तोड़फोड़ मामले में 2 हिस्ट्रीशीटर भाई गिरफ्तार



उदयपुर

**उदयपुर** की गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने प्रार्थी के भूखंड में प्रवेश कर तोड़फोड़ और दीवार गिराने के मामले में आरोपी 2 हिस्ट्रीशीटर भाइयों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भवानीसिंह राजावत ने बताया कि आरोपी गोपाल गुर्जर और देवेन्द्र गुर्जर पिता शिवनारायण गुर्जर निवासी बलीचा को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी गोवर्धन विलास थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। आरोपी गोपाल के खिलाफ हत्या का प्रयास, धमकाने, मारपीट, छेड़छाड़, बलात्कार और जमीनों पर कब्जे करने के 13 मामले दर्ज हैं। वहीं, आरोपी देवेन्द्र के खिलाफ भी हत्या का प्रयास, बलात्कार, धमकाने, मारपीट, लूट सहित जमीनों पर अवैध रूप से कब्जे करने, आर्म्स एक्ट के कुल 21 मामले दर्ज हैं। थानाधिकारी ने बताया कि प्रार्थी राकेश खत्री पुत्र लक्ष्मीलाल ने थाने मे मामला दर्ज कराया था। जिसमें बताया कि प्रार्थी ने वर्ष 2020 में आरोपी गोपाल गुर्जर और उसके भाई देवेन्द्र गुर्जर से 2-2 हजार वर्ग फीट के दो कृषि भूखंड क्रय किए थे। साथ ही प्रार्थी के नाम इसकी रजिस्ट्री करवा दी गई थी। उसके बाद प्रार्थी द्वारा इस भूखंड की बाउंड्रीवॉल बना दी थी। कुछ समय बाद आरोपी गोपाल गुर्जर व देवेन्द्र गुर्जर प्रार्थी से भूखंड पेटे के 3 लाख रुपए मांगने लगे। यह राशि ऐंठने के नाम पर प्रार्थी को धमकाना शुरू कर दिया। पैसे नहीं देने पर क्रयशुदा प्लॉट में बाउंड्रीवॉल तोड़ दी थी। इसके बाद दोनों हिस्ट्रीशीटर भाई फरार हो गए थे। पुलिस की टीम लगातार इनकी तलाश में जुटी थी। पुलिस को सूचना मिली कि दोनों आरोपी लई गांव में आए हुए हैं। ऐसे में पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## नाबालिग रेप पीड़िता के परिवार को मुआवजा-कानूनी सहायता मिलेगी

उदयपुर

**उदयपुर** के सेमारी थाना क्षेत्र में 6 दिन पहले एक सात साल की नाबालिग से रेप के मामले में बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने पीड़िता के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष यशोदा पनिया ने पीड़िता और उसके माता-पिता से मुलाकात की। परिवार को मानसिक, सामाजिक और कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता और उसके परिवार के पुनर्वास के लिए मुआवजा दिलाया जाएगा।

### पहले भी कर चुका वारदात

साथ ही कानूनी सहायता के लिए गायत्री सेवा संस्थान की एक सामाजिक कार्यकर्ता को नियुक्त किया है। सीडब्ल्यूसी की टीम ने पीड़िता के स्कूल जाकर शिक्षकों से बात की और पुलिस थाने में भी केस की जानकारी ली। अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी गुजरात के अहमदाबाद में मजदूरी का काम करता है। कुछ दिन पहले ही वह गांव आया था। आरोपी पहले भी अहमदाबाद में और अपने गांव में इस तरह की घटना को अंजाम देने का प्रयास कर चुका है।

### बाइक पर बैठाकर सुनसान जगह ले गया था आरोपी

घटना 12 दिसंबर की है। जब दोपहर करीब 3 बजे बच्ची अपने घर के पास ही खेल रही थी। तभी आरोपी मुकेश मीणा वहां बाइक लेकर पहुंचा और बच्ची को बहला-फुसलाकर अपनी बाइक पर बैठाकर ले गया। फिर सुनसान जगह ले जाकर बच्ची के साथ रेप किया। जिसके बाद बच्ची को वहीं छोड़कर वह फरार हो गया। बच्ची को रोते-बिलखते किसी ग्रामीण ने देखा। उसने परिवार को इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने तलाश करते हुए उसी दिन आरोपी मुकेश मीणा(26) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मामला दर्ज किया।

## तीन महीने की बच्ची के साथ पहुंचीं टूनार्मेंट में,गोल्ड-जीता:

# बोलीं-पैर में पोलियो की वजह से लोगों ने मजाक बनाया,कहते-जीवनभर बोझ बनकर रहेगी

नमस्ते राजस्थान

**जयपुर** पैर में पोलियो हो गया था...लोग मजाक उड़ाते थे..कहते थे- ये लाइफ में अब करेगी ही क्या। मां-बाप को कहते थे- अब ये जीवनभर बोझ बनकर रहेगी। लोगों के ताने सुनकर रोती थी। ये कहानी है कम्बोडिया में इंटरनेशनल थ्रो बॉल टूनार्मेंट में गोल्ड लाने वाली सोनिया चौधरी की। 5 से 7 दिसंबर तक हुए इस टूनार्मेंट में वे अपनी तीन महीने की बच्ची के साथ गई और वहां के ही खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मैडल जीता। जयपुर लौटने पर जब सोनिया चौधरी से बातचीत की तो उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए जीवन से जुड़े एक्सपीरिएंस शेयर किए। सोनिया चौधरी अभी शासन सचिवालय में चिकित्सा विभाग में यूडीसी पद पर कार्यरत है।

### गांव से निकलकर बनाई खेल में पहचान

सोनिया चौधरी भरतपुर जिले के नदबई तहसील के उसेर गांव की रहने वाली है। सोनिया बताती है कि जिस परिवेश वे आई है, वहां लड़कियों का पढ़ाई करना और बाहर निकलना अच्छा नहीं माना जाता था।



मैं पढ़ना चाहती थी लेकिन दिव्यांग होने के कारण मेरे लिए कुछ आसान नहीं था। मेरे जन्म के 15 महीने बाद जब चल नहीं पाई तो पता चलाा कि पोलिया हो गया। इसकी वजह से मेरा एक पैर पूरा खराब हो गया था।

पैरों की समस्या के बाद भी मुझे लगता था कि मैं स्पोट्र्स में आगे जाऊं लेकिन जब किसी को खेलते या दौड़ते देखती तो कुछ करने की इच्छा होती। गांव में रहने की वजह से मेरे पिता को ये सब अच्छा नहीं लगता था।

मेरी मां पढ़ी-लिखी नहीं थी लेकिन मेरे पिता की इच्छा के खिलाफ जाकर वह मेरे साथ खड़ी रही। एक वक्त ऐसा भी आया कि मेरी पढ़ाई और खेल-कूद के लिए उन्हें गहने तक बेच दिए।

पैर में पोलियो की वजह से समाज और लोगों ने मजाक बनाया, ताने मारते तो रोने लगती थी **सोनिया ने बताया-** पोलियो की वजह से समाज और लोगों के बीच कई बार मेरा मजाक बना। लोगों ने कई बार ऐसे कमेंट किए कि सहन भी नहीं हो पाता था।

कभी किसी ने मेरे दिव्यांग होने पर हंसी उड़ाई तो कोई कहता था एक पैर नहीं है, जीवन में क्या ही करेगी। इसे तो पढ़ना-लिखाना भी बेकार है।

लोग ताने देते थे- ये तो जीवन भर अपने परिवार पर बोझ बनकर रहेगी। कई बार तो लोगों की बात सुनकर रोने लगती थी। लेकिन मां ने हमेशा हिम्मत दिलाई। मैंने ठान लिया था कि समाज के लोगों को अपने काम से जवाब दूंगी।

साल 2015 में मुझे जयपुर फूट लगा तो हिम्मत आई। मैंने पॉलिटिकल साइंस में एमए की पढ़ाई की और बीएड किया। इसके बाद जयपुर में शासन सचिवालय में चिकित्सा विभाग में यूडीसी के पद पर नौकरी लगी।

### शादी की बात पर घर वाले थे नाराज

सोनिया के पति आरव चौधरी (27) बिजनेसमैन है। दोनों की मुलाकात साल 2017 में फेसबुक पर हुई थी। पहले दोस्ती और फिर दोनों के बीच प्यार हो गया। सोनिया बताती हैं- 2 साल के इंतजार के बाद साल 2019 में दोनों ने कोर्ट मैरिज कर ली थी। इस शादी के बाद आरव के परिवार वाले खुश नहीं थे। वे सांतरूक गांव के रहने वाले है। ऐसे में उन्होंने इसका विरोध किया। दोनों की उम्र में फासला भी था और मैं दिव्यांग भी। इसलिए आरव के मम्मी-पापा और भाई-बहन समेत किसी को भी ये शादी मंजूर नहीं थी। जैसे-तैसे हमने शादी तो कर ली लेकिन इसके बाद भी समाज के लोगों ने हम दोनों की काफी अलोचना की। हालांकि जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया परिवार ने अपना लिया। अभी दोनों गांधी नगर स्थित सरकारी आवास में रहते हैं।

### देवेंद्रद झांझरिया का इंटरव्यू देख मिली प्रेरणा

सोनिया कहती हैं- मैंने शॉट पुट से खेल की शुरूआत की थी। फिर मैंने पॉवर लिफ्टिंग किया और 2017 में मैंने पैरा महिला क्रिकेट टी 20 में टीम इंडिया को रिप्रजेंट किया । इसके साथ ही 2024 में सिटिंग वॉलीबॉल में मैडल जीते । 2017 में देवेंद्र झांझरिया का इंटरव्यू देख कर मुझे स्पोट्र्स में कुछ कर दिखने की प्रेरणा मिली। आज पांच नेशनल ,दो इंटरनेशनल और 7 स्टेट मेडल जीत चुकी हूं। 2028 पैरालिंपिक में देश के लिए मेडल लाना मेरा लक्ष्य है ।

तीन महीने की बच्ची को साथ लेकर थ्रो बॉल प्रतियोगिता के लिए कम्बोडिया पहुंची

सोनिया ने कम्बोडिया में हुए टूनार्मेंट पर बात करते हुए बताया- जब मेरा इंटरनेशनल थ्रो बॉल खेल के लिए सिलेक्शन हुआ उसी दौरान मेरी बेटी अग्नि का जन्म हुआ था। सिलेक्शन होने के बाद मैं घबरा गई थी कि अब एक महीने की बच्ची के साथ कैसे प्रैक्टिस करूंगी और कैसे समय निकलेगा। लेकिन आरव और मेरे सुसराल वालों ने मुझे मोटिवेट किया।

जब मैं प्रैक्टिस के लिए जाती तो आरव और अग्नि की दादी उसे संभावलती। रोजाना चार घंटे प्रैक्टिस की। इसके बाद तीन महीने की बेटी को लेकर अपने पति के साथ कम्बोडिया पहुंचीं। कम्बोडिया में भारत की ओर से 14 खिलाड़ियों का सामना वहां के 14 खिलाड़ियों से होना था। 7-7 खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला। एक घंटे के समय में 4 राउंड हुए, जिसमें हमने 2.4 से सामने वाली टीम को मात दिया।

## जयपुर में मनी लॉन्ड्रिंग केस की धमकी देकर ठगी:कूरियर से अवैध पार्सल आना बताया, करियर खत्म करने की दी धमकी

नमस्ते राजस्थान



**जयपुर** जयपुर में मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर 1.89 लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। कूरियर से उसके नाम अवैध पार्सल आने को लेकर बताया गया। साइबर सेल में शिकायत के साथ करियर खत्म करने की धमकी देकर रुपए ऐंठ लिए। भट्?टाबस्ती थाने में पीड़ित युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

### मनी लॉड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी

**पुलिस ने बताया-** भट्टाबस्ती निवासी एक युवक ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसके मोबाइल पर एक अनजान मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कूरियर कंपनी से बोलना बताया। उसके नाम से आए एक अवैध पार्सल के बारे में बताया। आधार नंबर का मिस यूज करने की दिल्ली साइबर सेल में शिकायत की जानकारी दी। उसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने को लेकर धमकाया। करियर खत्म करने की धमकी देकर उसके बैंक अकाउंट की जानकारी ली। डरा-धमकाकर 1.89 लाख रुपए ट्रांसफर करवाकर ऐंठ लिए। बार-बार रुपयों की डिमांड करने पर ठगी का एहसास हुआ। भट्?टाबस्ती थाने में पीड़ित ने मोबाइल नंबर के आधार पर मामला दर्ज करवाया।

## डोमई गांव में जरख का आतंक:हमले में एक महिला और पुरुष घायल, सरमथुरा अस्पताल में कराया भर्ती

नमस्ते राजस्थान

**धौलपुर** धौलपुर के सरमथुरा थाना क्षेत्र स्थित डोमई गांव में देर रात को एक महिला और पुरुष जरख के हमले में घायल हो गए। जिन्हें देर रात को लहूलुहान हालत में इलाज के लिए सरमथुरा अस्पताल लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई। ग्रामीण उदय सिंह ने बताया कि उनके गांव में देर रात को अचानक एक जरख आ गया। जिसने घर में बैठे व्यक्ति श्रीनिवास (45) पुत्र लक्ष्मण पर हमला कर दिया। युवक के शोर मचाते ही मौके पर ग्रामीण पहुंच गए। जिन्हें देखकर जरख भाग निकला। जिसके बाद जरख ने गांव में घर के बाहर बैठी महिला खिलोनी (40) पत्नी रतिराम पर भी हमला कर दिया। गांव में एक साथ महिला और पुरुष पर हमले किए जाने के बाद ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। जिस शोर को सुनकर जरख मौके से भाग निकला। घटना के बाद ग्रामीण घायलों को लेकर सरमथुरा अस्पताल पहुंचे। ग्रामीण ने बताया कि घटना के बाद दोनों घायलों को सरमथुरा अस्पताल में इलाज दिया गया हैं। जिन्हें उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया हैं। जरख के हमले के बाद ग्रामीण भयभीत हैं। घटना को लेकर वन विभाग को भी ग्रामीणों ने सूचना दी हैं।

## चिड़ावा के मशहूर-पेड़ेवाले को 1-महीने से मिल रही थी धमकी:

# विदेशी नंबर देख ब्लॉक कर दिए थे;पर्ची फेंक फायरिंग की,लिखा-अगली गोली तुझ पर चलेगी

नमस्ते राजस्थान

**चिड़ावा(झुंझुनूं)** झुंझुनूं के चिड़ावा में जिस पेड़ेवाले की दुकान पर फायरिंग हुई, उसे एक महीने से लगातार फोन पर फिरौती के लिए धमकी मिल रही थी। कॉलर विदेशी नंबरों से कॉल करता था। ऐसे में पेड़ेवाले ने नंबर ब्लॉक कर दिए थे। इसके बाद सोमवार शाम 6:15 बाइक पर आए 2 बदमाशों ने कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित दुकान लालचंद पेड़ावाला पर 1 करोड़ रुपए की फिरौती की पर्ची फेंकी। ताबड़तोड़ तीन राउंड फायर किए। पर्ची पर लिखा था- रुपया नहीं दिया तो अगली गोली तुझ पर चलेगी। फायरिंग के बाद से बाजार में दहशत का माहौल है। पेड़ेवाले का परिवार खौफ में है। इलाके के व्यापारियों में घटना को लेकर आक्रोश है।

### एक महीने से आ रहे थे विदेशी नंबरों से कॉल

दुकानदार सुभाष राव ने बताया- एक महीने पहले विदेशी नंबर से कॉल कर फिरौती मांगी गई थी। इसके बाद से अलग-अलग विदेशी नंबरों से कॉल आ रहे थे। मैं रिसीव नहीं कर रहा था। सोचा कि आजकल फ्रॉड के लिए कॉल आते रहते हैं। पहले तो ऐसे कॉल उठाए नहीं और बाद में नंबर ब्लॉक कर दिए।

रविवार को भी एक कॉल आया था। कॉलर ने पेड़े का भाव पूछा। इसके बाद पूछा कि मैं दुकान पर कब रहता हूं। दुकान पर कब कौन मिलेगा, इसकी जानकारी ली। मैंने सामान्य ग्राहक समझकर बात की थी। इसके बाद वॉट्सऐप पर दुकान के मिठाई के डिब्बे की फोटो भेजी। तब रंगदारी की बात नहीं हुई।

सोमवार शाम करीब 6:15 बजे मैं दुकान के पीछे मकान के पास बने कारखाने में पेड़े के





लिए मावा तैयार कर रहे कर्मचारियों के पास गया था। उनसे बात कर रहा था। इसी दौरान अचानक गोलियों की आवाज सुनी। मैं और मेरे कर्मचारी दुकान की ओर दौड़े। जब तक हम पहुंचे, बदमाश फरार हो गए थे।

घटना के वक्त भतीजा गगन काउंटर पर था। कर्मचारी सुनील शर्मा मट्ठी-नमकीन पैक कर रहा था। संजय और दो अन्य कर्मचारी डिब्बों में पेड़े पैक कर रहे थे। मैंने भतीजे को संभाला। कर्मचारियों ने बताया कि फायरिंग हुई तो वे डिब्बों के पीछे छुप गए। एक गोली तराजू से टकराई। काउंटर पर पड़ी पर्ची गगन ने मुझे दी। इसके बाद माजरा समझ में आया।

### पर्ची पर लिखा- अगली बार गोली सीधे तेरे ऊपर चलेगी

व्यापारी सुभाष राव ने बताया- पर्ची में लिखा था एक करोड़ रुपए तैयार कर लेना, वरना ये गोली आज तो तेरी दुकान पर चली है, अगली बार सीधे तेरे ऊपर ही चलेगी। अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना। ज्यादा खलीफा बनने की कोशिश मत करना। नहीं तो तेरी मौत का जिम्मेदार तू खुद होगा। दीपु चौधरी, प्रदीप पहलवान, प्रिंस डीडवाना, क्षत्रिय गैंग।

पर्ची मिलने के बाद मैंने पुलिस को सूचना देकर बुलाया। करीब 15 से 20 मिनट बाद पुलिस आई। डीएसपी और सीआई भी मौके पर पहुंचे।

### कर्मचारी बोला- काउंटर पर पर्ची फेंकी और फायरिंग हो गई

**कर्मचारी सुनील ने बताया-** मैं मिठाई पैक कर रहा था। बाकी 3 कर्मचारी भी काम में लगे थे। काउंटर पर गगन बैठा था। अचानक 20-22 साल का लड़का आया। उसने काउंटर पर पर्ची फेंकी। इसके बाद अचानक फायरिंग हो गई।

दुकान में हम 5 लोग थे। सभी काउंटर, टेबल और मिठाई के डिब्बों के पीछे छुप गए। किसी को गोली नहीं लगी। एक गोली मेरे बिल्कुल पास से निकली। वह इलेक्ट्रॉनिक तराजू से टकराई। लोग पहुंचे और पुलिस आई, तब दहशत कुछ कम हुई। दुकान मालिक सुभाष राव हंसमुख स्वभाव के हैं। उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं रही।

### दुकान के सीसीटीवी कैमरे खराब

जानकारी में सामने आया कि दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब हैं। ऐसे में पुलिस को यहां से आरोपियों के फुटेज नहीं मिले। पास की दुकान में लगे कैमरे में एक युवक नजर आ रहा है। दूरी ज्यादा होने के कारण उसका चेहरा पहचान में नहीं आ सका।

फायरिंग करने जो 2 युवक बाइक पर आए थे, उनकी उम्र 20 से 22 साल के बीच है। दुकान में पर्ची फेंकने वाले युवक ने हुडी पहना था। दूसरा युवक बाइक लेकर पीडब्ल्यूडी दफ्तर के सामने खड़ा था। दुकान पर फायरिंग करने के बाद हुडी वाला युवक भागकर बाइक के पास पहुंचा। इसके बाद दोनों स्टेशन रोड की तरफ भाग गए।

# खसरा संख्या 131 मे भष्ट्राचार कर तरमीम हुई पुराने खसरे की जाँच करवानी चाहिए

# दोषी अधिकारीयों व भूमाफियाओ की साठगांठ से की तरमीम की जाँच करवाकर पुन तरमीम करवाने की माँग उठी है

## तरमीम करना मतलब सभी भष्ट्राचारी एक हो गएँ है पर पालिका प्रशासन लापरवाही का नतीजा जनता को भुगतना पड़ रहा है


## सरकारी टटिया की जमीन व दान की जमीन जो शौचालय के लिए दी थी वह करोडों रुपए की जमीन पर कब्जा करवाकर अधिकारी व दलाल मजा कर रहे हैं

### अतिक्रमण मुक्त करवाकर बगीचा बनाना व टटिया की जमीन पर श्रीराम मंदिर व धर्मशाला बनानी चाहिए

**नमस्ते राजस्थान**

**शिवगंज** नगर पालिका क्षेत्र में ग्राम बडगॉव के खसरा संख्या 131 में तरमीम के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार हुआ लाखों करोड़ों रुपए लेकर किया गया सरकारी जमीन पर भी भू माफियाओ ने कब्जा बता दिया अपना कब्जा लाखों के भाव की भूमि के हो गए मालिक क्योंकि यह भूमि शहर के अंदर है वह शहर के माने हुए भूमाफियाओ अपने फायदे के लिए सरकारी भूमि को इधर-उधर कर दिया क्योंकि इसमें खुद को फायदा चाहिए था ऐसे में जब यह भूमि पर से लोहे के बोर्ड लगाकर बताया गया कि यह भूमि सरकारी है फिर भी यहां के धन्ना सेठ लोगों ने अपनी जमीन बताने के लिए सब कुछ कर दिया उल्टा सीधा करने में इन लोगों के विचार नहीं करते हैं क्योंकि इनका काम यही है अगर सही तरमीम में बच सकते क्या आधार पर की होती तो सरकारी भूमि पर बड़ी योजना लागू हो सकती थी क्योंकि आप सभी बिके हुए राजस्व अधिकारी से लेकर बाबू तक तरमीम करने के नाम पर लाखों रुपए लिए अधिकारियों ने घर से खाने के टिफन मंगवा कर रात लेट टिफन लाकर देने की और खाना खाकर जमीन तरमीम की एक कहावत है कि नमक कभी हलाल नहीं होता इसलिए नमक खाया हुआ काम ही होता है या





राजस्थान सरकार | NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि) | दिनांक : 08/02/2024 10:31:54 AM

जिला :सिरोही | तहसील : शिवगंज | भू. अ. नि. क्षेत्र :शिवगंज

पटवारी हल्का :बडगांव | ग्राम : बडगांव

N

131/1, 131/7, 157, 131/11, 131/16, 131/6, 131/8, 131/22, 131/19, 131/853, 131/14, 131/23, 131/17, 78, 29, 131/12

Scale 1:500

खसरा संख्या :131/6 क्षेत्रफल : 0.0405 Hectare खाता संख्या : 1पुराना खाता संख्या :1

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: टट्टीया [ 0.0405 ]

राज. सरकार

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN no : null

भ्रष्टाचार किया जाता हो या नमक हलाल अधिकारियों ने टिपण खाकर जो काम किया है वह भ्रष्टाचार करके नहीं कर सकते ऐसा काम कर दिया क्योंकि एक टिपण का लाखों रुपया के हिसाब से तरमीम हुई है अधिकारियों को टिपण इतने खिला दिए की क्या पता उस डिब्बे में क्या खिलाया था जो सरकारी भूमि की तरमीम कर दी नहीं छोड़ा यह लोग पांच बिस्वा भूमि टटिया की भूमि को भी नहीं छोड़ा इन्होंने वह भी उलटी सीधी तरमीम करवा दी जहां पर सरकारी जमीन पड़ी थी वहां से बोर्ड हटा कर वहाँ पर पट्टा जारी कर दिया यह बड़ा भ्रष्टाचार नहीं तो क्या है इस बोर्ड में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार हुआ है जिसमें राजस्व प्रशासन को पालिका प्रशासन मिला हुआ है क्योंकि इन लोगों ने पैसा लेकर तरमीम कि है वह इन्होंने खातेदारी चेंज करने का काम किया क्योंकि यहां पर स्क्वायर फीट का लाखों रुपए भाव है और यह लोग नहीं चाहते कि हमारी जमीन जवाई नदी के किनारे पर आए क्योंकि जवाई नदी किनारे पर जमीन सरकारी होती है उन्होंने वहां पर भी तरमीम करने के लाखों रुपए ले लिया अब इस खर्चों से इस खसरो में सबसे ज्यादा फर्जी हुई वह नदी के किनारे पर तरमीम कि है पर पालिका प्रशासन ने नदी के किनारे पर पट्टे जारी कर दिए जो हो नहीं सकते और उन्होंने जारी कर दिया वैसे ही शक्ति माता मंदिर जाने वाली सड़क पर भी इन्होंने पट्टे जारी कर-के दे दिए ओपन लैण्ड पर कब्जा करवा दिया जो लक्ष्मी कीर्ति नगर कॉलोनी में स्थित है ओपन लैण्ड कपूर कॉलोनी की ओपन लैण्ड भूमि पर पट्टा बनाकर जारी किया वह पास में पड़ी जवाई नदी के किनारे का 1900 फीट का पट्टा जारी कर दिया जो नियमों के विपरीत है इन्होंने नहीं चौड़ी नदी नहीं छोड़ा नाले वह नहीं छोड़े नाडिया पर भी पट्टा जारी कर दिया पालिका प्रशासन ने भ्रष्टाचार का हर जगह के पट्टे जारी कर दिए इसी खसरा संख्या 131 कि पूरे खसरा की जांच करवाई जाए तो दूध का दूध पानी का पानी निकल जाएगा यह पहले खसरा क्या था वह अब क्या है इन्होंने तरमीम करवा दी वह खसरा अलग-अलग होंगे जो खसरा पहले एक ही था पुराने खसरे के हिसाब से जांच करवाई जाए तब जाकर इन अधिकारियों की ईमानदारी सामने आएगी यह भष्ट्राचारी कितने हैं वह ईमानदार कितने हैं इन्होंने भ्रष्टाचार करने में कोई कमी नहीं रखी एक ही खसरे के अंदर करोड़ों रुपए कमाए और वह भूमाफियाओ को शह देकर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करवाया है जो अब अतिक्रमण हटना चाहिए

### ईनका क्या कहना है

शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र के बडगॉव गाँव के राजस्व खसरा संख्या एक सौ इकतीस मे सरकारी जमीन व निजी जमीन की तरमीम भूमाफियाओ के नाम कर दी और दानदाताओं ने जो करीब सात बिधा जमीन जो शिवगंज नगर पालिका अध्यक्ष को दान मे दी थी उस जमीन पर अतिक्रमण करवा कर शहर के भूमाफियाओ के तरमीम कर दी फिर शहर के दानदाता कभी भी दान नही देंगे जो सरकारी जमीन फैक्ट्री के अंदर तरमीम हुई थी उसको बहार की तरफ तरमीम करना जो आज भी सरकारी टटिया के नाम जमाबंदी मे आरक्षित है उसपर भी ईस सेठ ने अतिक्रमण कर दिया अगर जल्दी ही अतिक्रमण नही हटाया गया तो जन आदोलन होगा जिसकी तमाम जिम्मेदारी आप प्रशासन की होगी
**जैसाराम माली अध्यक्ष जवाई पर्यावरण एव वन विकास समिति शिवगंज**

शिवगंज नगर पालिका क्षेत्र में खसरा संख्या एक सौ इकतीस की पुरानी तरमीम की जांच उच्च स्तरीय अधिकारीयों से करवाकर पुन वापस तरमीम किया जाएँ क्यू की अधिकारीयों व भूमाफियाओ व नेताओं की साठगांठ से भष्ट्राचार कर तरमीम हुई है तुरंत खारिज करना चाहिए
**प्रवीण परमार समाजसेवी शिवगंज**

## कॉन्स्टेबल ने बेच दिए डोडा-पोस्त के 36 कट्टे:

# 2 कट्टे चुराते पकड़ा गया,भिनाय थाने में थी ड्यूटी,रढ ने किया सस्पेंड

**नमस्ते राजस्थान**

**अजमेर** अजमेर के भिनाय थाने में तैनात एक कॉन्स्टेबल ने जब्त किए हुए डोडा-पोस्त के 36 कट्टे बेच दिए। वह 2 कट्टों की चोरी करते पकड़ा गया। कॉन्स्टेबल खुद मालखाने का एलसी था। ऐसे में किसी को उसकी करतूत की भनक नहीं लगी। अब एसपी ने उसे सस्पेंड कर दिया है। जानकारी के अनुसार भिनाय पुलिस थाने में तैनात कॉन्स्टेबल दशरथ ने जब्त कंटेनर से डोडा-पोस्त के 38 कट्टे चुराए थे। पैसों के लालच में उसने रात में एक-एक कर 36 कट्टे चोरी कर बेच दिए। मालखाने का एल.सी. होने के कारण किसी को इसकी भनक तक नहीं लगने दी। दो कट्टे निकालते हुए उसे थाने के ही पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। पकड़े जाने तक वह थाना परिसर में ही खड़े जब्तशुदा कंटेनर से निकालकर आधे से ज्यादा यानी



794.200 किलो डोडा पोस्त बेच चुका था। इसकी बाजार में कीमत करीब 80 लाख रुपए बताई जा रही है। मामला उजागर होने के बाद एसपी वंदिता राणा ने उसे सस्पेंड कर दिया।

### मुकदमा दर्ज कर जांच सीआई को सौंपी

आरोपी कॉन्स्टेबल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच तीन दिन पहले ही केकड़ी पुलिस थाने की सीआई कुसुमलता मीणा को सौंपी गई है। प्रारंभिक पड़ताल में दशरथ ने पूछताछ में बताया कि उसने अलग-अलग तारीखों में डोडा-पोस्त के कट्टे चोरी छिपे निकालकर बेच दिए। भिनाय पुलिस थाने के तत्कालीन थानाधिकारी नाहर सिंह उप निरीक्षक ने 18 अगस्त 2023 को एनडीपीएस एक्ट में कन्टेनर को माल सहित जब्त किया था। इसमें डोडा पोस्त के 74 प्लास्टिक के कट्टे थे। इन कट्टों का कुल वजन 1469.950 किलोग्राम था। बाद में 794.200 किलो ग्राम डोडा पोस्त कम पाया गया। ऐसे में मालखाने के एलसी दशरथ से पूछा तो बताया कि ये कट्टे मैंने दो तीन माह पूर्व में ही अलग अलग तारीख को चोरी छिपे निकालकर बेच दिए। दशरथ करीब ढाई महीने से एलसी का काम कर रहा था।

### कॉन्स्टेबल दशरथ को पुलिस ने ऐसे पकड़ा, बाजार में कीमत करीब 80 लाख

दर्ज एफआईआर के मुताबिक थानाधिकारी ओम प्रकाश को 10 नवंबर की रात 10.26 बजे कॉन्स्टेबल सुमेर ने फोन पर बताया कि साथी पुलिसकर्मी अर्जुनलाल ने मुझे और कॉन्स्टेबल दिनेश को बैरक से जगाया। कहा कि मालखाना एल.सी. दशरथ थाना परिसर में खड़े कन्टेनर का पीछे का गेट खोलकर डोडा-पोस्त निकाल रहा है। हम तीनों ने बैरक की छत पर जाकर देखा तो दशरथ कन्टेनर से डोडा पोस्त के कट्टे नीचे डाल रहा था। कन्टेनर के पास वालीबॉल खेल का मैदान है। जहां बड़ी लाइट लगी थी। ऐसे में दशरथ की करतूत साफ नजर आ रही थी। ड्यूटी ऑफिसर मदन लाल भी बैरक की छत पर आ गए और दशरथ को कट्टे बाउंड्री की ओर ले जाते देखा। सूचना पर भिनाय थाना इंचार्ज ओमप्रकाश अपने निवास से थाना परिसर में आए और दशरथ को मौके पर पाया। उसी समय थाने का अन्य स्टाफ पुलिसकर्मी मनमोहन, अरूण आदि भी आ गए। सभी मौजूदा स्टाफ के सामने दशरथ से दीवार के पास पड़े कट्टों के बारे में पूछा तो बताया कि इन्हें बेचने की नीयत से रखे थे। जांच के बाद दशरथ को निलंबित कर उसके खिलाफ धारा 316 (5) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पेपरलीक केस में अरेस्ट सरकारी टीचर लोकेश शर्मा सस्पेंड:

# SOG के एक्शन के बाद शिक्षा विभाग की कार्रवाई; छतरी वाली ढाणी स्कूल से पकड़ा था

**नमस्ते राजस्थान**



**दौसा** पेपर लीक प्रकरण में दौसा से पकड़े गए सरकारी टीचर लोकेश शर्मा को शिक्षा विभाग ने सस्पेंड कर दिया है। आरोपी टीचर लोकेश शर्मा को जयपुर रडऋ टीम ने दौसा के सरकारी स्कूल छतरी वाली ढाणी से 15 दिसंबर को पकड़ा था। जयपुर में पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। रडऋ की कार्रवाई के बाद शिक्षा विभाग ने पेपरलीक के आरोपी टीचर लोकेश शर्मा को निलंबित कर दिया है। पेपर लीक मामले में पहले गिरफ्तार हुए रिंकू शर्मा ने पूछताछ के दौरान एसओजी को लोकेश शर्मा की भूमिका के बारे में बताया था। इसके बाद शुक्रवार को जयपुर एसओजी ने दौसा जिला मुख्यालय पर छतरी वाली ढाणी स्थित महात्मा गांधी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में दबिश देकर सरकारी स्कूल के टीचर लोकेश शर्मा को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान शिक्षक लोकेश शर्मा अन्य साथी शिक्षकों के साथ लंच कर रहा था। उसी वक्त टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले भी एसओजी की टीम ने एक अन्य आरोपी लव कुश नगर स्थित रिंकू शर्मा के आवास पर सर्च किया था। लोकेश कोचिंग सेंटर संचालित करता था और रिंकू ने भी इस कोचिंग में कॉम्पिटिशन की तैयारी की थी।

### हर्षवर्धन पटवारी से जुड़े हैं तार

एसओजी पेपर लीक प्रकरण से जुड़े मामलों की जांच जल्द पूरी करने व आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई कर रही है। ऐसे में जिले में भी पेपर लीक प्रकरण से जुड़े संदिग्ध आरोपी चिह्नित किए हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है इन सभी के तार पूर्व में एसओजी द्वारा गिरफ्तार किए गए महुवा निवासी पटवारी हर्षवर्धन मीणा से जुड़े हैं। फिलहाल हर्षवर्धन पटवारी जेल में है। एसओजी टीम डमी कैंडिडेट बैठाने के मामले को लेकर जांच जुटी है।

## पागल डॉग ने घर में सो रहे वृद्ध को नोंचा:बेटी बोली- चार-पांच लाठी मार मां ने डॉग को भगाया वरना जान से मार देता

**पाली** पाली में घर में सो रहे एक 75 साल के वृद्ध पर अलसुबह पागल डॉग ने हमला कर बुरी तरह नोंच दिया। पास में सो रही वृद्धा ने पति के चिल्लाने की आवाज सूनी तो लाठी से चार-पांच वार डॉग पर किए तब जाकर डॉग वृद्ध को छोड़कर भागा वरना जान ले देता। घायल हालत में वृद्ध को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में लाया गया। जहां उनका दरअसल घटना पाली जिले के भीमालिया गांव (मारवाड़ जंक्शन) निवासी 75 साल के वृद्ध भीखाराम पुत्र बिलाराम देवासी अपनी 70 साल की पत्नी लहरीदेवी के साथ मकान के बरामदे में मंगलवार सुबह सो रहे थे। निर्माण कार्य के चलते मकान की एक दीवार क्षतिग्रस्त थी। जहां से होकर सुबह करीब चार बजे एक पागल डॉग घर में घुस गया। और नींद में सो रहे वृद्ध भीखाराम पर हमला कर दिया। वृद्ध के चिल्लाने पर पास में ही सो रही उनकी पत्नी लहरीदेवी उठी। लाइट जालकर डॉग वृद्ध को नोंचते नजर आया। तुरंत पास में पड़ी लाठी से डॉग पर एक के बाद एक चार-पांच वार किए तब जाकर डॉग वृद्ध को छोड़कर भागा वरना उनकी जान ले लेता। घटना के बाद वृद्धा ने पड़ोसियों को उठाया और उनकी मदद से वृद्ध को उपचार के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंची। जहां उनका उपचार जारी है।

## नाबालिग रेप पीड़िता के परिवार को मुआवजा-कानूनी सहायता मिलेगी:पीड़िता के घर पहुंची सीडब्ल्यूसी टीम

**उदयपुर** उदयपुर के सेमारी थाना क्षेत्र में 6 दिन पहले एक सात साल की नाबालिग से रेप के मामले में बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने पीड़िता के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष यशोदा पनिया ने पीड़िता और उसके माता-पिता से मुलाकात की। परिवार को मानसिक, सामाजिक और कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष ने बताया कि पीड़िता और उसके परिवार के पुनर्वास के लिए मुआवजा दिलाया जाएगा।

### पहले भी कर चुका वारदात

साथ ही कानूनी सहायता के लिए गायत्री सेवा संस्थान की एक सामाजिक कार्यकर्ता को नियुक्त किया है। सीडब्ल्यूसी की टीम ने पीड़िता के स्कूल जाकर शिक्षकों से बात की और पुलिस थाने में भी केस की जानकारी ली। अध्यक्ष ने बताया कि आरोपी गुजरात के अहमदाबाद में मजदूरी का काम करता है। कुछ दिन पहले ही वह गांव आया था। आरोपी पहले भी अहमदाबाद में और अपने गांव में इस तरह की घटना को अंजाम देने का प्रयास कर चुका है।

हिन्दी साप्ताहिक समाचार-पत्र

NAMASTE RAJASTHAN

# नमस्ते राजस्थान

खबरों की सत्यता, निष्पक्षता, पारदर्शिता

E-MAIL
namasterajasthan11@gmail.com
nrnews100@gmail.com

राजस्थान
08
भीलवाड़ा

भीलवाड़ा, बुधवार, 18, दिसम्बर, 2024

## नगर विकास न्यास भीलवाड़ा का मुआवजे का बड़ा भ्रष्टाचारी घोटाला आया सामने...?

# जिम्मेदार अधिकारी शहर के राजनेता है मौन...? क्यों व किन अद्दश्य कारणों से...?

**सुवाणा से समेलिया फाटक तक 200 फीट रिंग रोड़ थी प्रस्तावित अभी तक नहीं बनने साथ ही फाईलों में बनी होना दिखाने के बावजुद न्यास के अधिकारियों कार्मिकों ने भू-कारोबारियों से मिलजूलकर उठाया मुआवजे का दूषित भूगतान...?**

**जिम्मेदार अधिकारी है मौन लम्बे समय से बिराजीत कार्मिक है अकुकसम्पति के मालिक...? क्यों जांच में कि जाती है गूरेज क्या है अद्दश्य कारण...?**

## कौन कौन अधिकारी, कार्मिक सफदे पोश, बड़े भू-कारोबारी, दलाल है पर्दे के पिछे...?

## क्या हुए दूषित मुआवजे के भुगतानों व राजकोष को हुई हानी के लिए उच्च अधिकारी अथवा संबंधित अधिकारी संज्ञान लेंगे या करेंगे भ्रष्टाचारियों को और ज्यादा बलशाली...?

**नमस्ते राजस्थान**

**भीलवाड़ा।** नगर विकास न्यास एक बहुत बड़ा दूषित कार्यो व फर्जी पट्टे जारी करने इत्यादी कार्यो के लिए पूर्व से ही काफी सूर्खियों में रहा है। लेकिन उच्च अधिकरियों की आखों में धूल झोकते हुए, जारी आदेश क्रमांकः प.6(29)नविवि/3/04 पार्ट, जयपुर, दिनांक 30 जूलाई 2021 के विपरीत जाकर राजस्थान सरकार के राजकोष को बड़ा नुकसान करते हुए विशेषाधिकारी, सचिव व कार्मिकों ने मुआवजे का एक बहुत बड़ा खेल रचकर राज्य सरकार के राज्य कोष को बहुत बड़ी हानी पहुचाई है।

मुआवजा राशि प्रस्तावित कार्यो पर नहीं दी जाती है बल्की कार्य सम्पुर्ण होने पर विधिक प्रक्रिया अपनाकर ही दी जाती जाती है। यहा तो न्यास कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा यहा पुरी नमक की रोटी बनादी और संबंधित अधिकारी व जिले के अधिकारी आंखों पर पट्टी बांधे धृतराष्ट्र की तरह देख रहे है 200 फीट रिंग रोड़ जो कि सुवाणा से समेलिया फाटक तक प्रस्तावित था उससे पहले ही जमीनों का बिना समतुल्य मुल्यांकन करे बिना ही मिलीभगत कर बड़ा लाभ कमाने के लिए मुआवजा राशि के रूप में बड़े बड़े कॉर्नर भूखण्ड के रूप में जारी कर दिये और जिन भूखण्डों का नियमों का हवला देते हुए अवार्ड संख्या 329/91 की पालना में विलेख (पार्ट) नियम के अन्तर्गत बिन्दू संख्या 02 यह कि उक्त वर्णित भूमि का राजस्थान नगरीय सुधार अधिनियम 1959 की धारा 32(1) केन्द्रीय भूमि अवाप्ति अधिनियम 1994 की धारा 6 के अन्तर्गत (जो भूमि लागू हो) राजस्थान सरकार के राजपत्र में दिनांक 27.09.1992 को न्यास की तिलक नगर योजना के लिए अधिसूचित हो चुकी है एवं न्यायालय भूमि अवाप्ति अधिकारी (कलेक्टर की शक्तियां प्रदत्त अधिकारी ) द्वारा दिनांक 25.08.1994 को निर्णय पारित कर अवार्ड जारी किया गया।

कैसे रचा भ्रष्टाचारी मुआवजा देने का बड़ा दूषित खेल कौन-कौन है शामिल...? बड़ी जांच का कार्रवाई का विषय...?

200 फीट सुवाणा से लगाकर समेलिया फाटक की रोड़ 2035 के मास्टरपलान में प्रस्तावित थी लेकिन शहर के कुछ सफेद पोश व राजनेतिक संरक्षण प्राप्त व अधिकारियों के मुह लगे चहते व्यक्ति विशेष, दलाल, बडे. भू-कारोबारी जिनके निजी आवासों पर यूआईटी के समकक्ष चलती है यूआईटी। जिन्होंने अपने बाहुबल, धनबल व दूषित रिश्तों के चलते अधिकारियों से मिलीभगत कर चहतों की कृषि भूमि को चिन्हीत करा रोड़ बनने से पूर्व ही लाखों/करोड़ा रूपए के मुआवजे की राशि उठाली साथ ही मुआवजे के मिले भूखण्ड़ों का अविलम्ब विक्रय भी कर दिया। साथ ही कुछ ऐसी जगह भी मुआवजा उठाने के लिए चिन्हीत की जहाँ पर कृषि भूमि पर कृषि कॉलोनी कट चूकी थी और उनके दूषित दस्तावेजात तैयार कराके उनका भी मुआवजा उठा लिया गया जो कि अपने आप में स्पष्ट दशार्ता है कि नगर विकास न्यास में लम्बे समय से जमे अधिकारी व कर्मचारी धुर्तता पूर्वक कार्य करते हुए। राजस्थान




सरकार के राजस्व का नुकसान करते हुए किस तरह से बड़ा अद्दश्य लाभ प्राप्त किया है। नगर विकास न्यास द्वारा राजस्व ग्राम भीलवाड़ा की आराजी संख्या 2214, 2215, 2216, 2217 कुल रकबा 5 बीघा तीन बिस्वा का 1/2 हिस्सा खातेदार धर्मेन्द्र सिंह शक्तावता पुत्र शिव सिंह शक्तावत का था जिन्होंने पूर्व में कृषि भूमि पर कृषि भूखण्ड विक्रय कर दिये थे और उन पर मकान बने होने के बावजूद नगर विकास न्यास से अवार्ड संख्या 129/91 दिनांक 30.01.2024 को पारीत करा कर मुआवजे के रूप में भूखण्ड संख्या 4-जे-43, 4-जे-44 क्षेत्रफल एक भूखण्ड का 3989 था जिनका कुल क्षेत्रफल 6 हजार 942 वर्ग फुट था जो मुआवजे के रूप में लेकर (अ) अर्पित पुत्र श्याम सुन्दर (ब) गोपाल झवर पुत्र प्रहलाद झवर (स) नरेन्द्र राठी पुत्र बालमुकन्द राठी को भूखण्ड संख्या 4-जे-43 का दिनांक 15.12.2023 को जरीये पंजीकृत बैचान बैचान कर दिया। भूखण्ड संख्या 4-जे-44 का धर्मेन्द्र सिंह शक्तावता पुत्र शिव सिंह शक्तावत द्वारा (अ) अर्पित बिडला पुत्र बालूराम बिडला (ब) कैलाश बद्रीलाल काबरा पुत्र बद्रीलाल जगन्नाथ काबरा (स) राकेश राठी पुत्र दामोदर राठी को कर दिया, लेकिन राजस्व रेकॉड में अवाप्त भूमि नगर विकास न्यास के नाम इन्द्राज होने के बावजूद भी भौतिक कब्जा न्यास नहीं ले पाया है और मुआवजा जारी कर दिया है। ऐसा क्यों व किन कारणों से किया गया इसके पिछे कौन कौन है जॉच करा कड़ी से कड़ी विधि कार्रवाई क्यों नहीं की गई...? उक्त मुआवजा देने का सबसे बढ़ा कारण है कि मौके पर एक इंच भी जगह नहीं होने से कृषि भूमि के मलिक द्वारा कृषि भूखण्ड काट दिए और वहा पर मकाल बन गए के पश्चात मुआवजे की फाईल नगर विकास न्यास में लगाई गई और बेचे कृषि भूखण्ड़ों को मुआवजा उठा लिया गया जो कि एक राज्य सरकार के साथ धोखाधड़ी का कृत्य है इस मुआवजे को स्वीकृत कराने के लिए नगर विकास न्यास के किस किस अधिकारी ने किस किस कार्मिकों के जरिए हस्ताक्षर कर भुगतान किया और मुआवजा स्वीकृत कराने में भीलवाड़ा के कौन कौन दलाल व सफेद पोश, भू-कारोबारी, लिप्त अधिकारी शामिल है। जो एक बहुत बड़ा रहस्यमही विषय है और यह बताता है कि नगर विकास न्यास में इस तरह के दूषित और भ्रष्टाचारी कृत्य कितने लम्बे समय से चल रहे है। जिससे सरकार के राजस्व को बड़ी हानी हो रही है और इस तरह की कई पत्रावलियां भी गायब है जिसके लिए भी संबंधित आलाअधिकारी व कार्मिक मौनमुख दर्शक बने हुए है...? क्या अद्दश्य है कारण क्यों संबंधित अधिकारी इतने बड़े भ्रष्टाचारी कृत्यों को होते देख चूप्पी साध लेते है...?

1.रतन लाल बलाई व मोहन लाल बलाई कि सुवाणा की आराजी संख्या 4633/2497 रकबा 0.6828 17274 वर्गफीट की है। जिसमें जारी अवॉर्ड में नगर विकास न्यास की 1959 की धारा 51 में आपसी समझोता होना बताया है और इस भूखण्ड की भी बिना कब्जा लिए बिना राजस्व रेकॉर्ड में नगर विकास न्यास के नाम चढाए। रतन लाल बलाई व मोहन लाल बलाई को तिलक नगर में कॉर्नर भूखण्ड संख्या 7ए1 क्षेत्रफल 3989=3471 वर्ग फीट का मुआवजा दे दिया रतन लाल बलाई व मोहन लाल बलाई जिसने मुआवजा प्राप्त किया था उसने बिना देरी किए सीता देवी पत्नी श्याम लाल तेली हलेड रोड भवानी नगर भीलवाड़ा को भूखण्ड बेच दिया गया। जबकी जिस रिंग रोड़ के एवज में भूखण्ड दिया गया था वो रोड़ प्रस्तावित थी। जब आज तक रोड़ बनी ही नहीं और मुआवजे कार्यवाही करने से पूर्व व आज दिनांक तक जब राजस्व रेकॉर्ड में न्यास के नाम चडी ही नहीं तो मुआवजा किन आदेशों किन नियमों या किस दबाव में दिया गया। जो अपने आप में स्पष्ट दशार्ता है कि किस तरह से लाखों करोड़ों रूपए यूही भ्रष्टाचारों के माध्यम से स्वयं का लाभ कमाने के लिए हम सलाह एक राय होकर किया जा रहा हैं और कौन है इन खेलो के पिछे क्यों अधिकारी हो रहे भ्रष्टाचार को अनदेखा कर रहे है...?

2.इसी तर्ज पर सुवाणा के कन्हैया लाल पुत्र फत्ता जाट, माना पुत्र फत्ता जाट की आराजी संख्या 2492/2 रकबा हैक्टर 0.5690 में से 6049.71 वर्गगज भूमि आवाप्त कर आवाप्त भूमि के बदले में तिलक नगर नेहरू विहार योजना में बहुमुल्य कॉर्नर भूखण्ड दिए।

(अ) भूखण्ड संख्या 14/148 क्षेत्रफल है 20x40 कॉर्नर

(ब) भूखण्ड संख्या 14/549 क्षेत्रफल है 30x64 कॉर्नर

(स) भूखण्ड संख्या 15/115 क्षेत्रफल है 20x40 कॉर्नर

इतना नहीं खातेदारों ने भूखण्डों का बैचान अशोक कुमार टोडावाल निवासी जी-139 आरेके कॉलोनी भीलवाड़ा को बैचान कर दिया लेकिन राजस्व रेकॉर्ड में आज भी उक्त भूमि मुआवजा देने के बाद भी खातेदार के नाम पर ही बोल रही है। जिससे खातेदार कृषि जमीन को पुनः बेचने पर आमदा है। इतना बड़ा खेल खेलन के पिछे कौन कौन अधिकारी कौन कौन दलाल और कौन कौन व्यक्ति विशेष है उक्त प्रकरण कि पत्रावली भी ऐसा जानकारी में आया है कि न्यास के रेकॉर्ड से गायब है वर्ष 2021 अक्टूबर से वर्ष प्रशासन शहर की ओर जो कैम्प चला उससे लेके फरवरी 2024 तक कई पत्रावलियों में पिछली दिनांक में कार्यवाही कर भुगतान दिया गया ऐसी पत्रावली व इससे पूर्व की पत्रालियां जिनमें मुआवजा राशि प्रदान की गई वो न्यास के रेकॉर्ड से गायब है क्यों आज तक संबंधित अधिकारी व कार्मिक चूप है कौन है पर्दे के पिछे...?

इसी तर्ज पर खातेदार भैरू लाल बलाई पुत्र रूपा बलाई सुवाणा को भी प्रस्तावित 200 फीर्ट रिंग रोड़ के एवज में आराजी संख्या 2497/5 रकबा 0.5184 12060 वर्गफीट भूमि आवाप्त कि जिसके एवज में एक तिलक नगर योजना कॉर्नर का भूखण्ड संख्या जी-एल-13 3969 दिया जिसका पट्टा दिनांक 13.10.2022 को जारी किया जो कि भैरू बलाई आत्मज रूपा बलाई सुवाणा द्वारा जरीए पंजीकृत विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 29.12.2023 को मोहम्मद शरीफ सीलावट आत्मज कादर बक्ष निवासी मदीना मस्जिद रोड़ मोहम्मदी कॉलोनी शास्त्री नगर को बेच दिया उपरोक्त भूखण्ड आज भी राजस्व रेकॉर्ड में भैरू लाल बलाई पुत्र रूपा बलाई के नाम से है। जबकि न्यास उस भूखण्ड का मुआवजा दे चूकि है जबकी रोड़ बनी नहीं महज प्रस्तावित थी। फिर भी इतना बड़ा भ्रष्टाचार जिस जिस अधिकारी के समय हुआ क्यों नहीं लिया संज्ञान में उक्त भूखण्ड की पत्रावली न्यास के रेकॉर्ड से गायब है।

इसी तर्ज पर अशोक कुमार टोडावाल (तम्बोली) पुत्र भवर लाल टोडावाल निवासी जी-139 आरके कॉलोनी भीलवाड़ा की आराजी संख्या 3831 रकबा 0.4805 में से 0.2675 जिसका 28800 वर्गफीट भूमि बनती है को आवाप्त किया व आवाप्ति के बाद जल्दबाजी करते हुए इसका मुआवजी उठा लिया मुआवजे के रूप में तीलक नगर में भूखण्ड संख्या 6-एल-14 क्षेत्रफल 3064 का भूखण्ड दिया गया जिसका न्यास का पट्टा क्रमांक 5255 दिनांक 13.10.2022 था। जिसको अविलम्ब ही खातेदार द्वारा पारसमल बोहरा पुत्र रोशन लाल बोहरा बी-404 शास्त्री व गणेश लाल बलाई पुत्र मांगी लाल बलाई निवासी माहेश्वरी भवन के सामने शास्त्री नगर भीलवाड़ा को जरीए पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 30.12.2023 को बैचान किया गया जो आज भी खातेदार के नाम से राजस्व रेकॉर्ड में कृषि भूमि दर्शा रही है जिसको खातेदार पुनः बैचने को आमदा है जानकारी करने सुत्रों से मालूम हुआ की उक्त प्रकरण की पत्रावली भी न्यास के रेकॉर्ड से गायब है।

3.इसी तर्ज पर राजू लाल पुत्र सुभाष खटीक का जरीए मुख्तियारआम 1/4 हिस्सा चॉदमल पुत्र कालूराम खटीक निवासी दादाबाड़ी से नई ईरास का दो बीघा ग्यारह बिस्वा अवाप्त कर अवॉर्ड की सम्पुर्ण कार्यवाही अविलम्ब कर मुआवजे के रूप में चार भूखण्ड दिए गए।

(क) भूखण्ड संख्या 7-बी-62 52x89 = 4450 वर्गफीट का दिया।

(ख) भूखण्ड संख्या 7-बी-62/2 27x89 = 2403 वर्गफीट का दिया।

(ग) भूखण्ड संख्या 7-बी-62/3 39x89 = 3471 वर्गफीट का दिया।

(घ) भूखण्ड संख्या 7-बी-62/4 44x89 = 3916 वर्गफीट का दिया।

(ड़) भूखण्ड संख्या 7-बी-62/5 22x89 = 1958 वर्गफीट का दिया।

सबसे महत्वपूण बात यह है कि मुआवजा तो नहीं ईरास का दिया गया था मुआवजे के रूप में जो भूखण्ड दिए गए थे वह 200 फीट रोड़ के बेशकीमती भूखण्ड है उपरोक्त भूखण्ड देने से लगाकर आज तक न्यास के नक्शे में न तो आज तक दर्ज है नही इन्द्राज फिर क्यों व किस दबाव में न्यास के बेशकिमति भूखण्डों को मूआवजे में दिया गया न ही इनकी समतुल्यता बिठाई गई। इस प्रकरण की पत्रावली भी न्यास के कार्यालय से गायब है...?

इसी तर्ज पर सुलेखा पत्नि प्रमिल कुमार सिसोदिया, प्रमिल कुमार पुत्र सुन्दर लाल सिसोदिया कि पांसल की आराजी संख्या 4589/4239 रकबा 1.8462 का 1/6 हिस्सा जिसके मुआवजे में कई अंकित नहीं है की उक्त कृषि भूमि सौ फिट या दौसौ फिट रोड़ के मार्गाधिकार के बिच में आ रही है या नहीं। कहा मार्ग प्रस्तावित है कहा प्रस्तावित मार्ग में आएगी। उक्त भूखण्ड से संबंधित मास्टर प्लान के जोनल प्लान में भी नहीं लिखा है फिर भी भूमि की अवाप्ति दिखा कर उक्त खातेदारों को बापूनगर योजना में बेशकिमति भूखण्ड मिलीभगत कर भ्रष्टाचारी तरीके से दे दिए जिनके क्रमांक निम्न हैः-

(क) आई-444, 445,446,447 क्षेत्रफल, 4989 का एक भूखण्ड का है।

(ख) एफ-447 क्षेत्रफल, 3969 का एक भूखण्ड का है।

उपरोक्त लिखे सारे भूखण्डों को अवाप्त कर मुआवजा राशि के रूप में बेशकिमति भूमि को देकर सरकार के राजस्व का वर्ष 2022-23 में अफसरों, कार्मिकों, दलालों व सफेद पोशों ने हमसलाह एकराय होकर भ्रष्टाचारी दूषित कृत्यों के माध्यम से अद्दष्य लाभ प्राप्त करने के लिए बहुत बड़ा भष्टाचार किया है उपरोक्त मुआवजों की पत्रालियां भी मिली जानकारी सुत्रों के अनुसार न्यास कार्यालय के रेकॉर्ड में नहीं है। पूर्व में भी न्यास के भूखण्डों 10-ई-16,17,18,19 के पर कुछ कार्मिकों द्वारा व कुछ संविदाकर्मि ने मिलकर दूषित कृत्यों को अंजाम देकर फर्जी दस्तावेजातों के जरीए बैचान किया था जिसे भी न्यास के अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए निरस्त किया था साथ उक्त दिए मुआवजे की अवाप्त भूमि का व डीएलसी की समतुल्यता की रिपोर्ट बनानी होती है जिसके लिए भी राज्य सरकार ने आदेश जारी कर रखा है समतुल्यता नहीं बैठने के बावजूद भी इतना बडा मुआवजा देकर न्यास के राजकोष को ऐसे सहनिय हानी पहुचाई है।

भ्रष्टाचारी की अगली रिपोर्ट नगर विकास न्यास की आप के समक्ष होगी जिसमें 1992 से 1997 तक के निरस्त भूखण्डों को प्रशासन शहरों की ओर के परिपत्र का सहारा लेकरः अपजीकृत दस्तावेजों के आधार पर पट्टे जारी करने बाबत का इस्तमाल कर निरस्त भूखण्डों को पुनः जीवित कर कार्मिकों व दलालों ने संविदाकर्मियों व रिश्तेदारों के नाम कराकर किया बडा भ्रष्टाचारी काण्ड...?

स्वात्वाधिकारीः प्रकाशक एवं मुदकः पंकज गर्ग द्वारा नमस्ते राजस्थान 14/71, प्रेम भवन, चितौडवालो की हवेली के पास, इंद्रा मार्केट के सामने, शाम की सब्जी मंडी रोड, भोपालगंज, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 से प्रकाशित एवं डीबी कॉर्प लि. दैनिक भास्कर प्रिंटिंग प्लांट, 12 इंद्रा सर्किल, गठिलाखेडा, शारदा ड्रिम कॉलोनी के पास चितौड रोड़, भीलवाड़ा राजस्थान से मुदित। संपादकः पंकज गर्ग, कार्यालय नंबरः 01482-455184, मों. 9214417111, 8005910698, E-MAIL:namasterajasthan11@gmail.com, nrnews100@gmail.com